


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 72 शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 बैशाख शुक्ल अष्टमी विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया





# बंगाल में बंपर वोटिंग, 91.40% वोट पड़े, तमिलनाडु में अब तक का सर्वाधिक मतदान

**कोलकाता/चेन्नई।** लोकतंत्र के महापर्व में आज पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट डाले गए। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान कराए गए। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले गए। शाम छह बजे आधिकारिक रूप से मतदान समाप्त हो गया। कुछ जगहों पर कतार में लगे वोटर्स मतदान कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग की तरफ से आधिकारिक मतदान प्रतिशत जारी किया जाना बाकी है।

पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान में बंपर वोटिंग पर पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा पर भरोसा बढ़ा है और तृणमूल कांग्रेस का भय का शासन पराजित हो रहा है। बंगाल में 4 मई को परिणाम नहीं, परिवर्तन आने वाला है। मैं साफ देख रहा हूं बंगाल में इस बार परिवर्तन की कमान बंगाल की बहनों ने संभाल रखी है क्योंकि निर्मम सरकार की सबसे बड़ी शिकार महिलाएं रही हैं। भारी मतदान बदलाव का संकेत दे रहा है। राज्य में मतदान का माहौल बदला हुआ है। भय जा रहा है, भरोसा आ रहा है।

तमिलनाडु में भारी मतदान के बीच तिरुनेलवेली जिले के पेरुमपथु गांव ने चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया। जिले का औसत मतदान 77.69 फीसदी रहा, लेकिन 969 मतदाताओं वाले इस गांव में केवल तीन लोगों ने वोट डाला। यह बहिष्कार मार्च में हुई एक हिंसक घटना के विरोध में किया गया। तब एक गिरोह ने गांव में हमला कर दो लोगों की हत्या कर दी थी और सात को गंभीर घायल कर दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई केवल दिखावा है। जिला कलेक्टर सुकुमार ने ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अपनी सुरक्षा में विफल रहने वाले तंत्र के खिलाफ अड़े रहे।




साल 2026 के चुनाव में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्डतोड़ वोटिंग हुई है। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक मोबाइल एप्लिकेशन- वोटर टर्नआउट एप पर रात आठ बजे तक जारी आंकड़ों के मुताबिक बंगाल में 92 फीसदी से अधिक, जबकि तमिलनाडु में 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया है।

बंगाल और तमिलनाडु में मतदान समाप्त होने के बाद देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, आजादी के बाद से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के प्रत्येक मतदाता को सलाम करता है।

पहले चरण के मतदान में पश्चिम बंगाल में 91.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। वहीं, वहीं तमिलनाडु में भी 84.35 प्रतिशत वोटिंग हुई है। निर्वाचन आयोग की तरफ से अंतिम और आधिकारिक आंकड़े जारी होने के बाद मतदान प्रतिशत बढ़ सकते हैं। तमिलनाडु में 2011 का रिकॉर्ड टूटा है।

बंगाल और तमिलनाडु में मतदान समाप्त होने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार का सूरज डूब चुका है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि बंपर मतदान का कारण मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (रक्क्ष) का प्रतिरोध है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के पहले चरण के मतदान के बीच हिंसा की बड़ी खबर सामने आई है। बीरभूम जिले के दुबराजपुर विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया है। यहां तैनात सीआरपीएफ (उफ्क्ष्त्र) के जवानों पर स्थानीय लोगों ने अचानक पथराव कर दिया, जिससे इलाके में तनाव फैल गया है।

यह हिंसक घटना दुबराजपुर के खैरासोल घुमर गांव में हुई है। शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए यहां सीआरपीएफ जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसी दौरान अचानक कुछ लोगों ने जवानों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। घटना के बाद इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रण में लिया गया है।

पश्चिम बंगाल के मालदा में मतदान के दौरान हिंसा की घटना सामने आई है। यहां की चांचल विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रतन दास के पोलिंग एजेंट लक्ष्मण पांडेय पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर हमला कर दिया है। इस दौरान उनकी गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की गई। हमले का शिकार हुए लक्ष्मण पांडेय ने बताया कि जब वह पोलिंग बूथ की तरफ जा रहे थे, तभी टीएमसी कार्यकर्ताओं ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और हमला किया। पांडेय ने यह गंभीर आरोप भी लगाया कि टीएमसी के लोग करीब 150 से 200 मतदाताओं को वोट डालने से रोक रहे थे।

# ट्रंप का यूटर्न : अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भारत को बताया था नरक

## अब कहा- यह महान देश, शीर्ष पर मेरे दोस्त

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को 'नरक का द्वार' बताने वाले अपने पिछले बयान से किनारा कर लिया है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की जमकर तारीफ की है। उन्होंने भारत को एक महान देश और कल तक उन्होंने 'नरक का द्वार' कहा था, आज उसी भारत को उन्होंने एक महान राष्ट्र बताया है। इतना ही नहीं, ये भी कहा कि शीर्ष पर मेरा सबसे अच्छा दोस्त है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड उसके नेतृत्व के साथ अपनी निजी दोस्ती को सर्वोपरि बताया है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटों से जारी कूटनीतिक तनाव पर फिलहाल विराम लग गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला कुछ अलग है। महज 24 घंटे के भीतर ट्रंप ने भारत को लेकर जो यूटर्न लिया है, उसने पूरी दुनिया के कूटनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है। जिस देश को ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट का अंश साझा किया। इस पोस्ट में जन्मसिद्ध नागरिकता के कानून की आलोचना की गई थी। इस दौरान भारत और चीन जैसे देशों के लिए अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया। ये भी कहा गया था कि भारत और चीन के लोग अमेरिका में सिर्फ इसलिए आते हैं ताकि उनके बच्चे वहां पैदा हों और उन्हें तुरंत अमेरिकी नागरिकता मिल जाए।

हैरान करने वाली बात यह थी कि इस पोस्ट में भारत को 'हेल-होल' यानी नरक की संज्ञा दी गई थी। ट्रंप के पत्र में दावा किया गया कि कैलिफोर्निया के तकनीकी क्षेत्र में भारतीयों का वर्चस्व है और वे अमेरिकी संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। इस पोस्ट के बाद न केवल अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय में रोष फैला, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इसकी आलोचना हुई।

चौतरफा दबाव और शायद कूटनीतिक परिणामों को भांपते हुए ट्रंप ने अगले 24 घंटों में अपनी भाषा पूरी तरह बदल ली। नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता क्रिस्टोफर एल्म्स ने स्पष्ट किया कि रिपब्लिकन नेता ने अब भारत के बारे में बहुत गर्मजोशी से बात की है। ट्रंप ने अपने नए बयान में कहा, 'भारत एक महान राष्ट्र है और इस देश के शीर्ष पर बैठा व्यक्ति मेरा बहुत अच्छा दोस्त है।'

इस बीच कांग्रेस ने वीडियो जारी कर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने ट्रंप की इस टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक करार दिया है।

# दिल्ली का मौसम: सूरज ने बरसाई आग, पारा पहुंचा 41°C के पार,

## गुरुवार रहा सीजन का सबसे गर्म दिन

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** राजधानी में गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 41.7 डिग्री पहुंच गया। यह इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। इससे पहले 17 अप्रैल को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। बीते साल 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री रहा था, जो कि सीजन का सबसे गर्म दिन था। न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री के पार पहुंच गया है।

बृहस्पतिवार रिज इलाके में तापमान 43 डिग्री तक दर्ज हुआ। पालम में 41.6 डिग्री, लोधी रोड में 41.4 डिग्री तक तापमान रहा। गर्मी के तेवर भले ही कड़े रहे हों लेकिन लू अभी नहीं चली। हालांकि, गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को जरूर परेशान कर दिया।

बुधवार को सफदरजंग मानक केंद्र में अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, जो सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग ने 24 व 25 अप्रैल के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।



अभी तेज सतही हवाएं तापमान को तेजी से बढ़ने से रोक रही थी, लेकिन शुक्रवार को हवा कुछ धीमी हो सकती हैं, जिससे तापमान 42-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इसके बाद 26 अप्रैल से मौसम में बदलाव की संभावना है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस दौरान बिजली चमकेगी, धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे तापमान में मामूली सी गिरावट देखने को मिल सकती है। तापमान 40-42 डिग्री के बीच ही बना रहेगा। नए पश्चिमी विक्षोभ का कुछ खास असर दिल्ली में देखने को नहीं मिलेगा।

# कपाट खुलने पर भगवान बदरी विशाल की मूर्ति ने देश के लिए दिए शुभ संकेत

**एजेंसी समाचार**

**बदरीनाथ (चमोली)।** वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बदरीनाथ मंदिर के कपाट बृहस्पतिवार को सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर छह माह के लिए खोल दिए गए। इस दौरान इसके बाद भगवान विष्णु की प्रतिमा पर ओढ़ाया गया घृत कंबल निकाला गया। इस कंबल को श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। घृत कंबल पूरी तरह से घी से लबालब था। माना जाता है कि यह देश में सुख शांति का संदेश होता है।

पहले दिन करीब 15000 श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ भगवान के साथ ही अखंड ज्योति के दर्शन किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर में दर्शन किए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली अभिषेक पूजा की।

# टिहरी में आठ की मौत: हरिद्वार अंत्येष्टि से घनसाली लौट रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, पीएम ने किया मुआवजे का एलान

**एजेंसी समाचार**

**टिहरी।** हरिद्वार अंत्येष्टि से घनसाली लौट रहा वाहन चंबा-कोटीकॉलोनी मोटर मार्ग पर नैल के पास अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर गहरी खाई में गिर गया जिससे वाहन में सवार 10 में से आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायलों को जिला अस्पताल बौराड़ी में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

भिलंगना ब्लॉक में नैलचामी क्षेत्र के चकरेड़ा गांव से 10 लोग हरिद्वार अंत्येष्टि में गए थे। लौटते समय दोपहर करीब 2.15 बजे वाहन चंबा-कोटीकॉलोनी मोटर मार्ग पर नैल गांव के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। घटना का पता चलते ही चंबा थाना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने खाई में उतर कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

दो घायलों को खाई से निकालकर जिला अस्पताल बौराड़ी पहुंचाया गया जबकि वाहन सवार आठ अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वाहन दुर्घटना की सूचना मिलने पर डीएम नितिका खंडेलवाल, विधायक किशोर उपाध्याय, एसएसपी श्वेता चौबे और सीएमओ डॉ. श्याम विजय ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल बौराड़ी पहुंचवाया।

एसएसपी ने बताया कि दुर्घटना में



घायल उत्तम कुमार (36) पुत्र पुस्सू मास्टर निवासी ग्राम लोस्तू बडियारगढ़ कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल और अंकित लाल (22) पुत्र आशा लाल निवासी ग्राम ठेला नैलचामी भिलंगना टिहरी को जिला अस्पताल बौराड़ी में भर्ती कराया गया है। जबकि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजे गए हैं। सीएमएस डॉ. अमित राय ने कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद अंकित को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है जबकि उत्तम की स्थिति खतरे से बाहर है। दुर्घटना वाले स्थान पर काफी ढलान और तीखा मोड है लेकिन दुर्घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जाएगी।

पीएम ने किया मुआवजे का एलान

पीएम मोदी ने हादसे को लेकर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल ज़िले में एक दुर्घटना में लोगों की जान जाने की घटना दुखद है। इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। इस हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# बर्लिन में राजनाथ सिंह: जर्मनी संग रक्षा सह-उत्पादन रोडमैप तैयार, आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई ताकत

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जर्मनी यात्रा ने रक्षा सहयोग के नए द्वार खोले हैं। डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप के जरिए अब दोनों देश आधुनिक हथियारों का मिलकर निर्माण करेंगे, जिससे भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता को वैश्विक तकनीक का साथ मिलेगा।

भारत और जर्मनी के बीच रक्षा और रणनीतिक संबंधों को एक नई दिशा देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में महत्वपूर्ण बैठक की। तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा पर पहुंचे राजनाथ सिंह ने भारतीय और जर्मन रक्षा उद्योग के दिग्गजों के साथ विस्तृत



चर्चा की। इस मुलाकात का मुख्य केंद्र बिंदु रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और सह-प्रौद्योगिकी उत्पादन रहा। यह बैठक रक्षा उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत अब केवल हथियारों का खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता, बल्कि वह जर्मनी जैसी तकनीकी शक्तियों के साथ मिलकर उन्नत सैन्य प्लेटफॉर्म विकसित करना चाहता है। राजनाथ सिंह ने जर्मन कंपनियों से आग्रह किया कि वे भारत की उदार निवेश नीतियों और रक्षा क्षेत्र में किए गए व्यापक सुधारों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश के लिए माहौल अब पहले से कहीं अधिक अनुकूल है।

जर्मन उद्योग जगत ने भी भारत के इन सुधारों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। राजनाथ सिंह ने विशेष रूप से उन्नत और विशेष तकनीकों के क्षेत्र में साझा काम करने की बात कही। उनका मानना है कि इस प्रकार का सहयोग न केवल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को नई मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि इससे वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्री की इस यात्रा का सबसे अहम पड़ाव जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ हुई मुलाकात रही। दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत के बाद एक ऐतिहासिक डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप पर हस्ताक्षर किए गए।

# 18 मिनट में पीएम मोदी के हैंडल से तीन पोस्ट: 99 साल के शख्स ने प्रधानमंत्री को बनाया मुरीद

**एजेंसी समाचार**

**महाराष्ट्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा देखा कि वह एक 99 साल के बुजुर्ग के मुरीद हो गए। उन्होंने इस बुजुर्ग की बात से प्रभावित होकर सिर्फ 18 मिनट के भीतर ही एक के बाद एक तीन पोस्ट कर दिए। यह मामला मतदान के महत्व और युवाओं को जागरूक करने से जुड़ा है। एक पूर्व मंत्री और बुजुर्ग नेता की अपील ने प्रधानमंत्री का ध्यान अपनी ओर खींच लिया और उन्होंने तुरंत इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

दरअसल, 99 वर्षीय डॉ. एचवी हांडे ने वोट डालने के बाद सोशल मीडिया पर एक संदेश लिखा था। उन्होंने लोगों और खासकर युवाओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. हांडे की इसी पोस्ट



को देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत खुश हुए। मोदी ने उनकी पोस्ट की तारीफ करते हुए 18 मिनट के अंदर तीन बार संदेश साझा किया। प्रधानमंत्री ने डॉ. हांडे के संदेश को बहुत महत्वपूर्ण बताया और युवाओं से भारी संख्या में मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की।

डॉ. हांडे ने अपनी पोस्ट में लिखा कि 99 साल की उम्र में उन्होंने देश को अपनी आवाज हासिल करते देखा है और आज उन्होंने अपनी आवाज का इस्तेमाल किया है। उन्होंने बताया कि पहली बार उन्होंने साल 1946 में एक मेडिकल छात्र के रूप में वोट डाला था। उनका कहना है कि मतदान सिर्फ एक अधिकार नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से बाहर आकर वोट डालने की अपील की।

CMYK

# दंगाइयों तक हथियारों और गोलियों की खेप पहुंचाने वाला गिरफ्तार

- फरहत के घर में बैठकर रची गई थी दंगे की स्क्रिप्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** 26 सितंबर 2025 को बरेली में हुए बवाल की जांच में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अवैध असलहों की सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का एक और सदस्य मुदस्सिर मिर्जा उर्फ गोलू को बारादरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी आशीष रायल पार्क का निवासी है और लंबे समय से पुलिस की रडार पर था।

पुलिस जांच में सामने आया कि बवाल से पहले ही शहर में बड़ी मात्रा में असलहों की सप्लाई की गई थी।

इन्हीं हथियारों से उपद्रवियों ने पुलिस पर फायरिंग की थी। यह खेप झुमका तिराहे पर इशरत अली की कार से पहुंचाई गई थी, जिसने पूरे शहर को हिंसा की आग में झोंक दिया।

जांच में खुलासा हुआ कि बवाल की साजिश फरहत के घर पर बैठकर तैयार की गई थी। यहीं से पूरे शहर में दंगे की रणनीति बनाई गई। पुलिस ने उसी घर से मौलाना तौकीर रजा को भी गिरफ्तार किया था। किला, बारादरी, कोतवाली, कैंट और प्रेमनगर समेत पांच थानों में 10 मुकदमे दर्ज हुए थे।

### यूपी से लेकर दिल्ली-हरियाणा तक फैला गिरोह का जाल

पुलिस के मुताबिक यह गिरोह यूपी ही नहीं बल्कि उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा तक फैला हुआ है। इसका सरगना हिस्ट्रीशीटर इशरत अली है, जो फरहत का सगा भाई है। गिरोह के कई सदस्य पहले ही जेल में हैं और अब मुदस्सिर की गिरफ्तारी से नेटवर्क और भी साफ हो गया है।

### गिरफ्तारियां तय, पुलिस की सख्त नजर

विवेचक संजय धीर ने बताया कि मुदस्सिर को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी पहले से जेल में हैं और जल्द ही सभी को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं, जांच तेजी से आगे बढ़ रही है।

### उत्तराखंड बॉर्डर से लाई गई थी हथियारों की खेप

पूछताछ में आरोपी मुदस्सिर ने कबूला कि फरहत के कहने पर उत्तराखंड सीमा से असलहे मंगवाए गए थे। इन्हें इशरत अली की कार से बरेली लाकर दंगाइयों को सौंपा गया। इससे पहले पुलिस तस्लीम और सोमू खान को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनके पास से सात तमंचे और 44 कारतूस बरामद हुए थे।

# बरेली जंक्शन पर चलती ट्रेन से टीटी ने यात्री को दिया धक्का

- जिला अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** चलती ट्रेन से यात्री को धक्का देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घायल यात्री ने टिकट चेकिंग के दौरान टीटी पर धक्का देने का गंभीर आरोप लगाया है। हादसे के बाद से रेलवे प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि घायल की हालत जिला अस्पताल में नाजुक बनी हुई है।

शाहजहांपुर जिले के रोजा थाना क्षेत्र के गांव हथोड़ा बुजुर्ग निवासी 35 वर्षीय शैलेश बुधवार को अवध असम एक्सप्रेस से बरेली कमिश्नरी कोर्ट में तारीख लेने आ रहे थे। आरोप है कि कैंट थाना क्षेत्र में टिकट चेकिंग के दौरान टीटी संतोष कुमार ने उन्हें पकड़ लिया और 3500 रुपये जुर्माने की मांग की। शैलेश के मुताबिक, जब उन्होंने जुर्माना कम करने की बात कही तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान गुस्से में आकर टीटी ने उन्हें चलती ट्रेन से बरेली जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर धक्का दे दिया।

### प्लेटफॉर्म पर गिरते ही मची अफरा-तफरी

चलती ट्रेन से गिरते ही प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद यात्रियों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में शैलेश के पैर में फ्रैक्चर हो गया है, जबकि कमर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और लगातार निगरानी में इलाज किया जा रहा है।

घायल की पत्नी पूनम अस्पताल पहुंचकर फफक पड़ीं। उन्होंने कहा कि अगर उनके पति के पास टिकट नहीं था तो वे जुर्माना भरने को तैयार थे, लेकिन इस तरह चलती ट्रेन से धक्का देना जानलेवा हो सकता था। पूनम ने बताया कि शैलेश जन सेवा केंद्र चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और परिवार में दोनों ही पति-पत्नी हैं। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं रेलवे प्रशासन भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रहा है। आरोप सही पाए जाने पर संबंधित टीटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# बरेली की सभी सीटों पर लहराएगा सपा का परचम: शुभलेश यादव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** समाजवादी पार्टी में संगठनात्मक बदलाव के तहत शुभलेश यादव को एक बार फिर बरेली का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पदभार संभालते ही उन्होंने पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर अपने इरादे साफ कर दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस भरोसे के साथ उन्हें जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस बार सपा बरेली की सभी नौ सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान शुभलेश यादव पूरे आत्मविश्वास में नजर आए। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पूरी तरह सक्रिय हैं और जनता के बीच लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस बार माहौल सपा के पक्ष में है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा हम 9 की 9 सीटों पर जीत हासिल करेंगे, यह सिर्फ दावा नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन का भरोसा है।

नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना है। इसके लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा और सभी को साथ लेकर चलने की रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, चुनाव में जीत उतनी ही आसान होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी को मजबूत करने की अपील भी की।

इस दौरान शुभलेश यादव ने भाजपा सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जनता अब सरकार की नीतियों और वादों को समझ चुकी है और बदलाव के मूड में है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है, जिसका जवाब आने वाले चुनाव में मिलेगा।

गौरतलब है कि शुभलेश यादव इससे पहले भी बरेली जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। ऐसे में संगठन और क्षेत्र की अच्छी समझ उनके पास है। पार्टी को उम्मीद है कि उनके अनुभव का फायदा आगामी चुनाव में मिलेगा और संगठन को नई मजबूती मिलेगी।

## सताक्षी शर्मा ने 97.6 अंक हासिल कर रचा कीर्तिमान



**बरेली।** द गुरु स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा सताक्षी शर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। सताक्षी ने अंग्रेजी विषय में 100 में 100 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की, जबकि कंप्यूटर में 99 और हिंदी में 98 अंक प्राप्त किए। सताक्षी की इस शानदार सफलता से विद्यालय में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने इसे उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम बताया। स्कूल प्रबंधन ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और कहा कि ऐसे मेधावी छात्र-छात्राएं ही विद्यालय की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं।

# नेग विवाद में चली गोली, दूल्हे का भाई घायल

## कम रुपये पर भड़के किन्नर, फायरिंग से शादी में मची अफरा-तफरी, एक हिरासत में

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** खुशियों के बीच आई बारात अचानक दहशत में बदल गई। कुंवरगांव थाना क्षेत्र में नेग को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना भड़क गया कि किन्नरों ने खुलेआम फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से शादी का माहौल चीख-पुकार में बदल गया और दूल्हे का चचेरा भाई खून से लथपथ हो गया।

थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव निवासी प्रेम सिंह की बेटी की शादी में मूसाझाग थाना क्षेत्र के कथरा खगेई से बारात आई थी। गुरुवार सुबह किन्नर बोलेरो गाड़ी से नेग लेने पहुंचे। शुरुआत में रस्म अदायगी चल रही थी, लेकिन नेग की रकम को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते बहस तेज झगड़े में बदल गई।

### बोलेरो से निकला तमंचा, दनादन चली गोलियां

लोगों के मुताबिक, विवाद बढ़ते ही किन्नरों ने अपनी बोलेरो से तमंचा निकाल लिया और बिना सोचे-समझे चार से पांच राउंड फायर झोंक दिए। अचानक हुई फायरिंग से शादी समारोह में भगदड़ मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए, वहीं कई महिलाएं और बच्चे डर के मारे चीखने लगे। फायरिंग के दौरान दूल्हे का 21 वर्षीय चचेरा भाई गौरव पुत्र योगेंद्र गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जमीन पर गिरते ही वह तड़पने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी और बढ़ गई। परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है।

### पुलिस पहुंची, एक किन्नर दबोचा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने मौके से एक किन्नर को हिरासत में ले लिया और उसके पास से तमंचा बरामद किया। बाकी आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। सीओ सिटी ने बताया कि किन्नरों की बोलेरो गाड़ी से तमंचे और लाठी-डंडे भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और फरार आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शादी में दहशत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली की बेटियों का यूपी बोर्ड में दबदबा...

# एक ही कॉलेज की पांच छात्राएं ने टॉप-10 में

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित होते ही बरेली की बेटियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया। जिले के सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज, खेड़ा की छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन कर दिया।

हाईस्कूल परीक्षा में रश्मि ने 96.83 प्रतिशत (581/600) अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठा और जिले में पहला स्थान हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन से परिवार और विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। इसी विद्यालय की रजनी सिंह और शिवानी ने 96.50 प्रतिशत (579/600) अंक पाकर संयुक्त रूप से प्रदेश में आठवां और जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं गुलशन यादव और वैष्णवी गुप्ता ने 96.17 प्रतिशत (577/600) अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां और जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं दामिनी सिंह ने 95.83 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया।

जिले में पांचवें स्थान पर इकरा, अभिषेक, भाव्या, सुरजीत बाबू और रोशनी रहे, जिन्होंने 95.50 प्रतिशत अंक हासिल किए। इनमें इकरा लायंस रोहिला इंटर कॉलेज से, जबकि अन्य छात्र अलग-अलग विद्यालयों से हैं। वहीं छठे स्थान पर हर्षित पटेल (95प्रतिशत), आठवें पर अरुण कुमार (94.50प्रतिशत), जबकि नौवें स्थान पर शिवांश मिश्रा और शगुन (94.33प्रतिशत) रहे। दसवें स्थान पर दक्ष गंगवार (94प्रतिशत) ने जगह बनाई।

### इंटरमीडिएट में भी बेटियों का परचम

इंटरमीडिएट परीक्षा में भी बरेली की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज की नंदिनी गुप्ता ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि सुरभि यादव ने 97 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान पाया। खुशी मौर्य और सिमरन मौर्य ने 96.40 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से छठा स्थान, जबकि चमन जहां ने 96.20 प्रतिशत अंक पाकर सातवां स्थान हासिल किया। सबसे खास बात यह रही कि इंटरमीडिएट में एक ही कॉलेज की पांच छात्राओं ने टॉप-10 में जगह बनाई। इससे न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे जिले में जश्न का माहौल है। विद्यालय परिसर में परिणाम घोषित होते ही छात्राओं को बधाई देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिक्षकों और अभिभावकों ने इसे मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

### मेहनत और लगन का दिखा असर

बरेली की बेटियों की इस सफलता ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। जिले के शिक्षा जगत में इस उपलब्धि को बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया जा रहा है।

# त्रिवटीनाथ क्षेत्र में फिर से होगी पैमाइश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** नैनीताल रोड स्थित त्रिवटीनाथ मंदिर क्षेत्र की बीडीए कॉलोनी में लगे लाल निशानों को लेकर चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। प्रशासन ने मामले में तेजी दिखाते हुए कॉलोनी को पूरी तरह वैध घोषित कर दिया है। बुधवार को हुई अहम बैठक में यह फैसला लिया गया कि पूरे विवादित इलाके की नए सिरे से पैमाइश कराई जाएगी, ताकि जमीन की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

नगर निगम परिसर में अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय की अध्यक्षता में बीडीए, नगर निगम और राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने दस्तावेज पेश करते हुए साफ किया कि कॉलोनी नियमानुसार भूमि अधिग्रहण के बाद विकसित की गई थी और इसके सभी नक्शे बीडीए द्वारा स्वीकृत हैं। अधिकारियों ने रिकॉर्ड का मिलान करने के बाद जमीनी स्तर पर जांच जरूरी मानी।

बैठक में तय हुआ कि बीडीए, तहसील और नगर निगम की संयुक्त टीम मौके पर जाकर पूरे क्षेत्र की पैमाइश करेगी। इसके लिए पहले ही बीडीए के नक्शों का नगर निगम और तहसील के राजस्व रिकॉर्ड से मिलान किया जा चुका है। जांच पूरी होने के बाद अधिकारियों की टीम स्थानीय निवासियों के साथ बैठक कर रिपोर्ट साझा करेगी और स्थिति स्पष्ट करेगी। दरअसल, नगर निगम सीएम ग्रिड योजना के तहत नैनीताल रोड के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम कर रहा है। इसी के तहत करीब 600 से अधिक भवनों पर लाल निशान लगाकर नोटिस जारी किए गए हैं। बीडीए कॉलोनी के बाहरी हिस्से पर भी निशान लगाए जाने से विवाद खड़ा हो गया।

### पुराने नक्शे को लेकर उठे सवाल

नगर निगम इस कार्रवाई के लिए 1920 के पुराने नक्शे को आधार बना रहा है, जिस पर कॉलोनीवासियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। लोगों का कहना है कि बीडीए द्वारा विकसित और स्वीकृत कॉलोनी पर इस तरह की कार्रवाई गलत है। विवाद को सुलझाने के लिए ही प्रशासन ने संयुक्त बैठक बुलाकर अब नए सिरे से पैमाइश का फैसला लिया है।

# मेहंदी से अटक सकती है हज यात्रा फिंगरप्रिंट में दिक्कत की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** हज यात्रा पर जाने वाली महिला यात्रियों के लिए बरेली हज सेवा समिति ने अहम एडवाइजरी जारी की है। समिति के संस्थापक पम्मी खा वारसी ने अपील की है कि महिलाएं यात्रा से पहले उंगलियों और अंगूठे पर मेहंदी न लगाएं। उनका कहना है कि एयरपोर्ट पर होने वाली बायोमेट्रिक प्रक्रिया में मेहंदी बड़ी बाधा बन सकती है।

हवाई अड्डों पर इमिग्रेशन के दौरान हर यात्री का फिंगरप्रिंट स्कैन किया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक मेहंदी त्वचा की ऊपरी परत पर गहरा रंग छोड़ती है, जिससे उंगलियों की बारीक लकीरें साफ नहीं दिखतीं। ऐसे में स्कैनर सही तरीके से फिंगरप्रिंट नहीं पढ़ पाता और वेरिफिकेशन में देरी हो सकती है।

हज यात्रियों को सऊदी अरब में सिम कार्ड लेने के लिए भी फिंगरप्रिंट देना अनिवार्य होता है। यदि उंगलियों पर मेहंदी लगी हो तो सिम एक्टिवेशन में भी दिक्कत आ सकती है। इससे यात्रियों को अपने परिजनों से संपर्क करने में परेशानी झेलनी पड़ सकती है। हज सेवा समिति ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे छोटी-छोटी सावधानियां बरतकर अपनी यात्रा को आसान बनाएं। मेहंदी से परहेज कर बायोमेट्रिक प्रक्रिया को सुचारु रखा जा सकता है।

उधर, लखनऊ एयरपोर्ट से 22 अप्रैल को हज यात्रियों को लेकर जाने वाली फ्लाइट तय समय पर उड़ान नहीं भर सकी। दोपहर में तापमान 41 डिग्री होने के कारण पायलट ने टेकऑफ से इनकार कर दिया। शाम करीब सात बजे तापमान कम होने के बाद बोर्डिंग शुरू हुई। करीब पांच घंटे की देरी के बाद विमान ने उड़ान भरी। इस फ्लाइट से 426 यात्री रवाना हुए।

# बीसलपुर चौराहा पुलिया का भव्य उद्घाटन, आधे शहर को राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के बीसलपुर चौराहा पर सालों से लोगों को परेशान कर रहे जलभराव के संकट का आखिरकार समाधान हो गया। गुरुवार को बहुप्रतीक्षित पुलिया का उद्घाटन महापौर डॉ. उमेश गौतम ने किया। पुलिया बनने से आसपास के इलाकों में जलनिकासी की समस्या काफी हद तक खत्म हो गई है, जिससे हजारों लोगों ने राहत की सांस ली।

इस पुलिया का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया, जबकि इसके लिए नगर निगम ने करीब 84 लाख रुपये की धनराशि दी। आधुनिक तकनीक से बनी 3/3, 1 सेल बॉक्स कलवर्ड संरचना ने पानी निकासी की क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। पहले जहां मामूली बारिश में जलभराव हो जाता था, अब पानी आसानी से निकल सकेगा।

इस पुलिया के बनने से वार्ड 40 सहसबानी टोला, वार्ड 45 आकाशपुरम, वार्ड 53 रोहिली टोला, वार्ड 62 चक मेहमूद, वार्ड 71 नई बस्ती, वार्ड 75 एजाज नगर और वार्ड 79 समेत कुल नौ वार्डों को सीधा लाभ मिला है। पहले यहां केवल दो फीट के पाइप से जलनिकासी होती थी, जो बारिश के दौरान नाकाफी साबित होती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव इतना गंभीर था कि कई बार रातभर सुपर सॉकर मशीन लगाकर पानी निकालना पड़ता था, फिर भी राहत नहीं मिलती थी। हालात यह थे कि बिना बारिश के भी गलियों में पानी भरा रहता था और लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा था।

### धरना-प्रदर्शन के बाद जागा प्रशासन

लगातार समस्या से परेशान लोगों ने आकाशपुरम क्षेत्र में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया था। इसके बाद प्रशासन हरकत में आया और पुलिया निर्माण को मंजूरी दी गई। अब इस निर्माण के बाद पुराने शहर के बड़े हिस्से को जलभराव से मुक्ति मिल गई है। उद्घाटन के बाद क्षेत्रीय लोगों ने महापौर डॉ. उमेश गौतम और पार्षद पूनम राठौर का आभार जताया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महामंत्री विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष प्रभु दयाल लोधी, राजकिशोर कश्यप, जयदीप चौधरी, पूर्व उपसभापति सर्वेश रस्तोगी और शालिनी जोहरी समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।




### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242


# पालिका की निशानी, शहर की आबादी पी रही दूषित पानी

## छह माह से घरों में लगे नल, टंकियों में आ रही है रेत, काला पानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद की निशानी के कारण शहर की साढ़े तीन लाख की आबादी दूषित पानी पी रही हैं। इस दूषित पानी को पीने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। लेकिन इस ओर विभागीय जिम्मेदारों को कोई सुध नहीं हैं।

वार्ड नंबर 34 मोहल्ला फूलों वाली बगिया मजार बगदादी साहब, वार्ड नंबर 37 लाल कबर समेत अन्य वार्डों में गंदा पानी आ रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है छह माह से घरों में लगी पानी की टकियां, नलों में काला दूषित पानी आ रहा है। स्थिति यह है कि कपड़े और घरों के बर्तन धोने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन ओवरहैड टैकों की लंबे समय से सफाई नहीं हुई है सफाई न होने के कारण पानी में काई भी रही है। कपड़े धोने में उनका रंग भी बदल रहा है। जबकि नियम यह है कि एक साल में ओवरहैड टैंक की सफाई होना चाहिए। सफाई न होने से शहर की आबादी गंदा, दूषित पानी पी रही हैं। विभागीय जिम्मेदारों के कानों पर जरा सी जूं नहीं रेंगी रही हैं।



वाश बेसन में लगी पानी की टोटी से आ रहा गंदा पानी। -जागरण मोर्चा

ओवरहेड टैंक से सप्लाई शुद्ध हो रही है। इसके बाद भी कोई समस्या है टीम को भेजकर दिखाया जाएगा।

**-मूलचंद, अवर अभियंता, जलकल।**



बोतल में पानी दिखाते हुए खालिद।

### बिना क्लोरिन के हो रही वाटर सप्लाई

बिना क्लोरीन के नगर पालिका क्षेत्र में पानी की सप्लाई हो रही है। वार्ड नंबर 34,37 के मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया है। ज्यादातर नलकूपों पर डोजर खराब हैं। जिस कारण शुद्ध पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वाटर सप्लाई को शुद्ध रखने के लिए पानी में 2.5 क्लोरीन का मिश्रण किया जाता है। ऐसे में क्लोरीन की मात्रा बिल्कुल ही गायब है। जिला अस्पताल के सीनियर कसलटेंट डॉ.दशरथ सिंह बताते है कि खराब पानी पीने से लोग पेट से संबंधित रोग ज्यादा होते हैं। इसके अलावा उल्टी, दस्त, बदहजमी, किडनी में दिक्कत, लीवर में सूजन, त्वचा रोग होने का खतरा बढ़ जाता है हड्डी संबंधी रोग भी होते हैं।



नगर पालिका के जिम्मेदारों को चाहिए कि ओवरहेड टैंकों से जो दूषित सप्लाई आ रही है। इन टैंकों की सफाई कराई जाए। जिससे कि बीमारी का शिकार न हो। **-मतलूब खां।**




पिछले छह माह से घरों में गंदा पानी, रेता और कीचड़ आ रही है। इसकी शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन इसके बाद भी समाधान नहीं हो रहा है।

**- आसिम आजम**



घरेलू कार्य खाना बनाने, कपड़े धोने में पानी में रेत और कीचड़ आ रही है। इस समस्या काफी लंबे समय से बनी हुई है समस्या ज्यो त्यो बनी हुई है।

**- फरहा**



टंकियों की सप्लाई सिर्फ कागजों में हो रही है, इसका खामियाजा शहर की आवाम को भुगतना पड़ रहा है। समाधान कराए को कोई सुनने वाला नहीं है।

**-शबाना**

### एक नजर

## गेहूं काटने गई महिला पर जंगली जानवर ने किया हमला, जख्मी

**शाहबाद।** गुरुवार को शाहबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत करेथी गांव में खेतों में गेहूं काटने गई महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जंगली के हमले में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसको उपचार के लिए शाहबाद के सीएचसी में भर्ती कराया गया। शाहबाद के करैथी निवासी चंद्रशेखर की 22 वर्षीय पत्नी नीरज अन्य महिलाओं के साथ गेहूं की फसल को काटने खेतों पर गई थीं। इसी बीच एक जंगली जानवर ने महिला पर हमला बोल दिया। जंगली ने जैसे ही महिला पर हमला किया, महिला ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को एकत्र कर लिया। जब तक लोग दौड़कर महिला तक पहुंच पाते, तब तक जंगली सुअर महिला के पैर में दांत मार चुका था। महिला के पति चंद्रशेखर उसे तुरंत मोटरसाइकिल पर बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाए जहां डॉक्टरों ने महिला को प्राथमिक उपचार देकर महिला को घर भेज दिया।

## मुरादाबाद जेल में बंद शाहबाद के संग्रह अमीन की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील में तैनात रहे संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी की बुधवार देर रात मुरादाबाद की जेल में तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी।

बताते चले कि बीती 28 फरवरी को एंटी करप्शन की टीम ने प्रेम शंकर तिवारी को शस्त्र लाइसेंस पर रिपोर्ट लगाने के मामले में 15 हजार की रिश्वत लेते दबोच लिया था। संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी तहसील स्थित अपने आवास से रिश्वत लेते धरे गए थे। तभी से वह मुरादाबाद जेल में बंद थे। संग्रह अमीन प्रेम शंकर तिवारी के बेटे ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बुधवार को जेल में अपने पिता से मिले थे, उनकी तबीयत सामान्य थी। देर रात जेल से फोन आया कि आपके पिता की हालत बिगड़ गई है, जब हम मुरादाबाद पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी। शव को पीएम के बाद शाहबाद लेकर आ रहे है।

## सिपाही ने मारा थप्पड़, युवक ने की जान देने की कोशिश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार दोपहर को कचहरी परिसर में दोपहर के समय युवक ने खुद पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। आस पास के वकीलों ने उसको बचा लिया। उसके बाद पुलिस आ गई। सारे मामले की जानकारी लेने के बाद सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

नैनीताल हाईवे पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम बना हुआ है। जहां पर सचिन प्राइवेट आपरेटर के रूप में काम करता है। दो दिन पहले वह किसी काम से कचहरी गया था। वहां पर कोर्ट की सुरक्षा में तैनात सिपाही पवित्र कुमार से किसी बात को लेकर उसकी बहस हो गई थी। आरोप है कि सिपाही पवित्र कुमार ने सचिन को थप्पड़ मारकर उसको वहां से भगा दिया था। इसके बाद से सचिन परेशान हो गया था। उसने इस मामले में सिपाही पवित्र कुमार के खिलाफ अधिकारियों से शिकायत भी की थी थी। जिसके बाद वह लगातार परेशान चल रहा था।गुरुवार युवक फिर से वहां पर पहुंच गया। कुछ देर बाद उसने मिट्टी का तेल डालकर आग लगाना चाहा। जिसको देखकर आस पास के अधिवक्ता आ गए। किसी तरह से मामले को शांत कराया। बाद में पुलिस आ गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## हीटवेव, लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी जारी

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने आगामी दिनों में बढ़ती गर्मी और संभावित हीटवेव, लू को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष हीटवेव की तीव्रता विगत वर्ष की अपेक्षा अधिक रहने की संभावना है, ऐसे में सभी को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि घर से बाहर निकलते समय छाता, टोपी या गमछा तथा पर्याप्त पानी अवश्य साथ रखें। हल्के रंग के, ढीले एवं सूती फुल आस्तीन कपड़े पहनें। बाहर कार्य करने वाले व्यक्ति समय-समय पर गीले कपड़े से चेहरा, सिर व गर्दन ढकते रहें। सीएमओ ने खान-पान को लेकर भी विशेष सलाह देते हुए कहा कि ताजा एवं हल्का भोजन करें तथा खीरा, ककड़ी, तरबूज जैसे मौसमी फल-सब्जियों का अधिक सेवन करें। शरीर में पानी की कमी से बचाव के लिए लस्सी, छाछ, नींबू पानी, नमक-चीनी घोल, आम का पन्ना एवं गन्ने का रस जैसे तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाएं।

# स्ट्रेचर पर सिसकती स्वास्थ्य सेवाएं

### 150 बेड की क्षमता वाले अस्पताल में बेड पड़े कम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में रोगियों को स्ट्रेचर पर लिटाकर उपचार दिया जा रहा है। 150 बेड की क्षमता वाले अस्पताल में बेड कम पड़ गए है। बेड कम होने पर रोगियों को स्ट्रेचर पर लिटाकर उपचार दिया जा रहा है। एक तरफ अस्पताल प्रशासन रोगियों को उपचार दिलाने का दावा कर रहा है। लेकिन रोगी को स्ट्रेचर पर लिटाकर उपचार दिए जाने में इन दावों की पोल खुल रही है।





इमरजेंसी वार्ड में उपचार के लिए स्ट्रेचर पर लेटे रोगी। -जागरण मोर्चा

आलूनगर निवासी शंकर लाल ने बताया कि अस्पताल में इलाज कराने को आए। बेड न मिलने के बावजूद उन्हें मजबूरी में उपचार करना पड़ रहा है। बेड न मिलने के बावजूद उन्हें मजबूरी में उपचार कराना पड़ रहा है। एक अन्य मरीज के परिजन मनोज ने कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है। कि बेड खाली होते ही मरीज को शिफ्ट कर दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद सभी मरीजों को उपचार प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आशंका है कि आने वाने दिनों में विशेषकर मई-जून में भीषण गर्मी में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों को बेरहमी से रौंदा, 6 लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। जहां कार सवार ने दो अलग अलग जगहों पर दो बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें तीन की हालत गंभीर गंभीर बताई जा रही है। उधर आक्रोशित भीड़ ने दौड़कर कार चालक को पकड़ लिया। उसकी जमकर पिटाई कर दी।



जख्मी लोगों का सीएचसी पर उपचार करते स्वास्थ कर्मी। -जागरण मोर्चा

मिली जानकारी के अनुसार महू नगर निवासी राहुल अपनी पत्नी नीरज के साथ मुरादाबाद में किराए का मकान लेकर किसी कंपनी में जॉब करते है। राहुल एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी के साथ गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। गुरुवार सुबह मुरादाबाद वापस लौटते वक्त दंपति की बाइक को नगर के ढकिया तिराहे के मोड़ पर तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। बाइक पर उनके साथ एक साल की बेटी तमन्ना भी मौजूद थी। हादसे में राहुल, उनकी पत्नी नीरज और बेटी तमन्ना गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मारने के बाद कार चालक तेज रफ्तार से मौके से फरार हो गया। तेजी के चक्कर में आंवला रोड स्थित सती मठ के सामने नगर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी मुशाहिद की बाइक में टक्कर मार दी। मुशाहिद सुबह सुबह अपने 11 महीने के बेटे जोहान को बाइक पर टहलाने निकले थे। कार से टक्कर लगते ही बाइक सवार मुशाहिद और उनका बेटा भी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। कार चालक कार से निकलकर भागने लगा लेकिन वहां एकत्रित हुई भीड़ ने ड्राइवर को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार ड्राइवर को भीड़ से छुड़ाया और सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टर द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। सीएचसी पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार देने के बाद राहुल, उनकी पत्नी नीरज और मुशाहिद की हालत को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कार चालक की पहचान शाहबाद के मोहल्ला भीतरगांव निवासी रघुनाथ सिंह प्रभाकर के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार कार चालक बहुत तेज गति से कार चला रहा था, जिसके कारण यह दो हादसे हुए।

### आक्रोशित भीड़ ने कार चालक को पीटा

**शाहबाद।** बाइक सवार दंपति को टक्कर मारकर आंवला रोड की तरफ भागे तेज रफ्तार कार सवार ने सती मठ के पास बाइक सवार मुशाहिद की बाइक को भी टक्कर मार दी, मुशाहिद के साथ बाइक पर उनका मासूम बच्चा था, कार सवार जैसे ही कार लेकर भागने लगा, भीड़ ने दौड़कर कार चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस भीड़ से कार चालक को छुड़ाकर अपने साथ ले गई।

# सुरक्षित बचपन: स्कूलों में डिप्थीरिया का सुरक्षा चक्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि जनपद में डिप्थीरिया के बढ़ते हुए केसों के दृष्टिगत जनपद के ब्लाकों, शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टीडी, डीपीटी टीकाकरण अभियान 30 अप्रैल 2026 तक चलाया जा रहा है।

अभियान के दौरान छूटे हुए बच्चों को जनपद के सभी स्कूलो में डीपीटी-2 बूस्टर 5-6 वर्ष आयु के बच्चें (संभावित कक्षा-1), टीडी-10, 10 वर्ष आयु के बच्चें (संभावित कक्षा-4 एवं 5 ) तथा टीडी-16, 16 वर्ष आयु के बच्चें (संभावित कक्षा-10 एवं 11) को आच्छादित किया जा रहा है। अभियान के तहत मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिहं एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केके चाहल ने ग्रीनवुड स्कूल में आयोजित टीकाकरण सत्र का फीता काटकर उद्घाटन किया, जिसमे डीपीटी बूस्टर वैक्सीन से 50 बच्चों को टीडी-10 वैक्सीन से 100 बच्चों को एवं टीडी-16 वैक्सीन से 101 बच्चों को टीकाकृत किया।



फीता काटकर उद्घाटन करती सीएमओ। -जागरण मोर्चा

### ग्रीनवुड स्कूल से हुआ अभियान का शुभारम्भ

अभियान के शुभारम्भ से जनपद में डीपीटी बूस्टर वैक्सीन से 2205 बच्चों को टीडी-10 वैक्सीन से 7878 बच्चों को एवं टीडी-16 वैक्सीन से 1283 बच्चों को टीकाकृत किया जा चुका है।इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, चिकित्साधिकारी, मोहम्मद अनादिल, अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, जसप्रीत सिहं,पीयूष कुमार, बीएचडब्लू आदि रहे।

## आजम की रिहाई को 17 को देंगे धरना

**रामपुर।** पूर्वमंत्री आजम खां ,उनके बेटे अब्दुल्ला आजम पिछले सात माह से दो पैनकार्ड मामले में सजा काट रहे हैं। सेशन कोर्ट से दोनों की सजा के खिलाफ दायर अपील भी खारिज हो चुकी है। इसे बाद से पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा ने भी सुप्रीम कोर्ट से न्याया की गुहार लगाते हुए कहा है कि उनके और उनके परिवारों पर हो रहे अत्याचार, जुल्मों का सुप्रीम कोर्ट न्याय दिलाएं। आजम खां, अब्दुल्ला की रिहाई 17 मई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश सचिव सपा लोहिया वाहिनी समीर अहमद, प्रदेश सचिव सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जरिए धरना प्रदर्शन के पोस्टर सोशल मीडिया पर जारी किए गए हैं।

# डायलिसिस ओपीडी शुरू, मरीजों को राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में डायलिसिस यूनिट में मरीज के लिए डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कर दी गई है। डायलिसिस रोगियों को परामर्श लेने को बाहर की दौड़ लगाने पड़ती हैं। लेकिन अब जिला अस्पताल पर डायलिसिस यूनिट में ओपीडी की सुविधा शुरू हो गई है।



जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में रोगियों को परामर्श देते चिकित्सक।

डायलिसिस रोगी परामर्श के लिए बरेली मुरादाबाद हल्द्वानी जाते थे। आने-जाने में रोगियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब डायलिसिस रोगियों को कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यूनिट में रोगियों को देखने के लिए कोई पैसा नहीं दिया जाएगा। गुरूवार को डायलिसिस यूनिट में नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. अर्जुन ने 25 रोगियों को देखा। यूनिट इंचार्ज प्रियंका ने बताया कि यूनिट में ओपीडी की सुविधा शुरू हो गई है। रोगियों को परामर्श लेने को बाहर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

# किसानों का डीएफओ दफ्तर पर धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय किसान यूनियन मजदूर संगठन के किसानों ने डीएफओ दफ्तर पर धरना दिया।इसके बाद किसानों ने डीएफओ को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा ने कहा कि विभाग द्वारा किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए। शासनादेशानुसार किसानों को परमिट दिए जाएं।



मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय के बाहर बैठे किसान। -जागरण मोर्चा

गुरुवार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारी एकत्र होकर कार्यालय पहुंचे। इसके बाद किसानों ने दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। किसानों ने कहा कि समस्याओं का समाधान कराए जाने को लेकर एक साल से आश्वासन मिल रहे हैं। इसके बाद वन जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बातचीत होने के बाद धरना को समाप्त किया गया। वन अधिकारी ने आश्वासन दिलाया कि समाधान कराया जाएगा। धरना देने वालों में मोहम्मद जाहिद, नासिर मियां, शाबाज मियां, मोहम्मद सोहेल पाशा, हाजी रहमान पाशा, अय्यूब अली पाशा, जगदीश सागर, सुनील मौर्य, भूपेंद्र मौर्य, शाने आलम, अय्यूब अली अहमद, जावेद खान, शारिक पाशा, दानिश अली आदि मौजूद रहे।

योगासन

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# ट्रेडिशनल योगासन सीनियर वर्ग में आसमा को मिला प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पांचवी जनपद योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पारुल अग्रवाल उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार क्रीड़ा अधिकारी ने स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागियों ने ट्रेडिशनल योगासन आर्टिस्टिक सिंगल आर्टिस्ट पेयर और रिदमिक पेयर इवेंट के सब जूनियर, जूनियर और सीनियर आयुवर्ग में प्रतिभाग किया। सब जूनियर आरोही यादव प्रथम, दिया बालियान द्वितीय, एलिजा नूर तृतीय, जूनियर वर्ग में स्तुति केसरवानी प्रथम उनशा द्वितीय, ट्रेडिशनल योगासन सीनियर वर्ग में आसमा प्रथम स्थान, सब जूनियर ट्रेडिशनल में सुखद जुगरान प्रथम, ऋषभ द्वितीय रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त, ट्रेडिशनल योगासन जूनियर वर्ग में लकी भट्ट प्रथम अर्पित ठाकुर द्वितीय कुशल तृतीय स्थान प्राप्त किया। आर्टिस्टिक सिंगल में कुशाग्र ने प्रथम संजय पाल ने द्वितीय स्थान, आर्टिस्टिक सिंगल में इशरत प्रथम आयत नें द्वितीय, जैनम हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रतिभागियों को दिए गए पुरस्कार, मेडल। -जागरण मोर्चा

### अतिथियों ने प्रतिभागियों को दिए मेडल

समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारत भूषण गुप्ता, लक्ष्मी यादव प्रधानाचार्य, क्रीड़ा सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऑब्जर्वर जोगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। निर्णायक के रूप में अंतरा यादव, मीनाक्षी रानी, सतीश चंद्र, जयमाला गंगवार, समसी बी, मनोज कुमार, अवधेश मिश्रा, अमरपाल सिंह यादव, तुषार जौहरी, कमलेश गंगवार, भूमिश पाठक, तुषार शर्मा, ओम प्रकाश सैनी, रचना चतुर्वेदी, फरहत अली खान, हीराकाली, राजीव कुमार, शबनम आरा, रेनू वर्मा, रीना कुमारी, रामबहादुर गौतम, अनीता सक्सेना शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनूप कुमार सिंह कार्यकारी अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा किया गया।

एक नजर


कनिष्क गंगवार जिले में प्रथम स्थान 93.66 (हाई स्कूल)।


समीक्षा कुमारी कक्षा 10।


हिफ्जा जमील 10।


प्रखर गौतम।

# यूपी बोर्ड: 10-12 वीं का रिजल्ट जारी, रामपुर 90.2

## हाईस्कूल में मिलक की छात्राओं का दबदबा, खौद की उवैस नाजमा भी टाप-10 शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** यूपी बोर्ड 10-12 वीं माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश का रिजल्ट गुरुवार की दोपहर 4 बजे घोषित कर दिया गया। 10 वीं की मिलक की 8 छात्राओं ने टॉप 10 में शामिल दबदबा कायम रखा। खौद के हसरत इंटर कॉलेज के छात्रा उवैस नाजमा ने भी सूची में नाम दर्ज कराया। 23 अप्रैल को आए यूपी बोर्ड के रिजल्ट में मंडल में जनपद में दूसरे स्थान पर 90.02 प्रतिशत, पहले स्थान 93.74 प्रतिशत अमरोहा, जबकि तीसरे नंबर पर 91.41 मुरादाबाद, चौथे नंबर पर बिजनौर 89.84 प्रतिशत रहा। परीक्षा फल आने के उपलक्ष्य में सुबह से ही छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल रहा। रिजल्ट देखने को लेकर दुकानों पर लोगों की भीड़भाड़ लगी रही। शाम 4 बजते ही परीक्षाफल देखने को छात्र-छात्राओं में होड़ सी मची रही। हाईस्कूल की टॉप 10 की सूची में 17 छात्र-छात्राओं के नाम शामिल है। जिसमें अधिकतर तहसील मिलक के छात्र-छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट टॉप 10 की सूची में 12 छात्र-छात्राएं शामिल है। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि यूपी बोर्ड के परीक्षाफल में छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है।


खारी कुआं कन्या इंटर कालेज में खुशी इजहार करती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

| | |
|---|---|
| हाईस्कूल में कुल पंजीकृत | 25,517 |
| परीक्षा में शामिल | 23,823 |
| उत्तीर्ण | 21,445 |
| रिजल्ट | 90 .42 प्रतिशत |
| इंटरमीडिएट में कुल पंजीकृत | 21,241 |
| परीक्षा में शामिल | 20,572 |
| उत्तीर्ण | 17,238 |
| रिजल्ट | 80 .38 प्रतिशत |


सेजल इंटर की जिला टॉपर।

**10 वीं टॉप टेप की सूची**

| | |
|---|---|
| कनिष्का गंगवार | 93 .67 प्रतिशत |
| समीक्षा कुमारी | 93 .50 प्रतिशत |
| दीक्षा | 93 प्रतिशत |
| प्रखर गौतम | 92 .83 प्रतिशत |
| अर्शी फात्मा | 92 .83 प्रतिशत |
| नेहा गंगवार | 92 .50 प्रतिशत |
| अंजना मित्तल | 92 .50 प्रतिशत |
| अनिकेत प्रताप सिंह | 92 .33 प्रतिशत |
| अंकित | 92 .33 प्रतिशत |
| दिव्यांश गंगवार | 92 .17 प्रतिशत |
| नव्या शर्मा | 92 .17 प्रतिशत |
| उजमा | 92 .17 प्रतिशत |
| अर्पित | 92 प्रतिशत |
| हिफ्ज़ा | 91 .67 प्रतिशत |
| एकता गंगवार | 91 .50 प्रतिशत |
| कशिश सागर | 91 .50 प्रतिशत |
| ध्रुव | 91 .50 प्रतिशत |

**12 वीं के टाप टेप की सूची**

| | |
|---|---|
| सेजल आर्या | 90 .20 प्रतिशत |
| मंतशा | 89 .80 प्रतिशत |
| शहरीन | 89 .60 प्रतिशत |
| प्रियांशी | 89 .20 प्रतिशत |
| अंश कुमार | 88 .20 प्रतिशत |
| मेनका | 88 .20 प्रतिशत |
| श्वेता | 87 .80 प्रतिशत |
| कशिश | 87 .60 प्रतिशत |
| राधिका | 87 .60 प्रतिशत |
| सरिता | 87 .40 प्रतिशत |
| लवी | 87 .20 प्रतिशत |
| अनमता | 87 .20 प्रतिशत |


देवांश गंगवार हाइस्कूल 92.1 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक।


अर्पित हाइस्कूल 92% रीता पब्लिक इंटर कॉलेज परम मिलक।


कशिश सागर हाइस्कूल 91.50 कलावती कन्या इंटर कॉलेज मिलक।


एकता गंगवार हाइस्कूल 91.50 कलावती कन्या इंटर कॉलेज मिलक।


शाहबाद के जनहित कमला इंटर कॉलेज के दसवीं के छात्र अंकित ने जिले में छठा स्थान हासिल किया।


शाहबाद के शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज की अंजनी ने दसवीं में जिले में 7वा स्थान प्राप्त किया।


समीक्षा कुमारी हाईस्कूल 93 .5 कलावती कन्या इंटर कॉलेज मिलक।


श्वेता इंटरमीडिएट 87.80 धर्मवीर सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज भैसोड़ी मिलक।


लवी इंटरमीडिएट 87.20 सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक।


प्रियांशी इंटरमीडिएट 89.20 रीता पब्लिक इंटर कॉलेज परम, मिलक।


मेनका इंटरमीडिएट 88% सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज।


मंतशा इंटरमीडिएट 89.80 कलावती कन्या इंटर कॉलेज मिलक।

# सरस्वती विद्या मंदिर मिलक का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**5 विद्यार्थियों ने जिले की मेरिट में बनाई जगह**

**कनिष्का गंगवार हाईस्कूल में जिले में प्रथम, मेनका इंटर में छठे स्थान पर**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** यूपी बोर्ड 2025-26 का परीक्षा परिणाम गुरुवार 23 अप्रैल 2026 को घोषित हुआ। इसमें नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 5 छात्र-छात्राओं ने जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट में जिले की मेरिट में मेनका ने 88 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल किया।लवी ने 87.2 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल में जिले की मेरिट में कनिष्का गंगवार ने 93.66 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नैना गंगवार ने 92.5 प्रतिशत प्राप्त कर पांचवां स्थान तथा देवांश गंगवार ने 92.16 प्रतिशत प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। परिणाम घोषित होने पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार, उप प्रबंधक हरि ओम अग्रवाल, योगेश कुमार बंसल एडवोकेट, सर्वेश अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रबंधक एवं अध्यक्ष ने परिणाम पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# खेलकूद में योगदान पर शिक्षक सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** बृहस्पतिवार को तहसील सभागार में आयोजित समारोह में विद्यालय से लेकर जिला स्तर तक खेलकूद प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों और अनुदेशकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक सुदृढ़ता के लिए भी बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे नए सत्र में अभी से बच्चों को खेलों के लिए तैयार करें, ताकि वे उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। बताया गया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और मेहनत के चलते इस बार विकास क्षेत्र ठाकुरद्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता रहा। साथ ही क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने मंडल और राज्य स्तर तक विभिन्न खेलों में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। समारोह में देवेश कुमार (कुंदेसरा), नरेंद्र कुमार (मल्हपुरा), नरेंद्र कुमार सहदेव (मस्तल्लीपुर), राजपाल सिंह (करनावाला खालसा), सोनिया चौहान (अब्दुल्लापुर लेदा), योगराज सिंह (सबलपुर), राकेश कुमार (ठाकुरद्वारा), शिप्रा अग्रवाल (मल्हपुरा), शिखा गुप्ता (ठाकुरद्वारा), रीनू रानी (पृथ्वीपुर गांवड़ी), रितु व विपिन कुमार (पसियापुरा), राजूलाल, सपना चौहान व आशीष कुमार (कालाझंडा), सोनी, दमयंती निखरे व भीम सिंह (रामपुर बलभद्र), नन्हें सिंह (पीलखपुर गुमानी), सतीश कुमार, अरविंद कुमार, महेंद्र सिंह व मनोज कुमार यादव (प्रतापपुर गड़ूवाला), शुभम शर्मा (मानपुर दत्तराम), नरेंद्र कुमार (टांडा आलम), मनोज कुमार व शमशेर सिंह (रामपुर घोघर), कुलदीप कुमार (बथुआ खेड़ा), बब्बू कुमार (लालापुर पीपलसाना), ज्ञानेंद्र कुमार (बहादुरनगर), नरेश कुमार (राजूपुर मिलक), विवेक कुमार (बोवदवाला), त्रिवेंद कुमार (रामपुर बलभद्र), दिनेश कुमार मौर्य (मोहिउद्दीनपुर), प्रदीप कुमार (बलिया), निकेश कुमार (राजूपुर कलां), हरवीर सिंह (एआरपी) व पीयूष प्रशांत (कालाझंडा) सहित अनेक शिक्षकों व अनुदेशकों को सम्मानित किया गया।

## वाहन की टक्कर से 30 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** मिलक में बृहस्पतिवार शाम के लगभग 6 बजे अखिलेश पुत्र राम शत्रुघ्न निवासी ग्राम संडीला शिवगढ़ जलालपुर जनपद अमेठी अपने दोस्त प्रदीप शर्मा पुत्र मित्र पाल शर्मा निवासी ग्रधमोरा थाना मिलक रामपुर यह दोनों युवक बाइक द्वारा धमोरा से बरेली तरफ को जा रहे थे। धर्मपुरा बाईपास के निकट किसी अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक में टक्कर मार दी। यह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थाई लोगों की मदद से 112 नंबर पुलिस को बुलाया। 112 नंबर पुलिस अपनी गाड़ी से इन दोनों युवकों को घायल अवस्था में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने अखिलेश शर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रदीप शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर मिलक पुलिस अस्पताल पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामाभर पीएम के लिए भेज दिया। सूचना पर परिजन रोते चिल्लाते अस्पताल पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले में अभी तहरी प्राप्त नहीं हुई है फिलहाल में पीएम कार्रवाई की जा रही है।

# भिंडी सब्जी के विवाद में विवाहिता की मौत, पांच के खिलाफ दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टांडा थाना क्षेत्र में भिंडी की सब्जी को लेकर हुए विवाद के बाद विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने इसे हत्या बताते हुए जेठ समेत पांच लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मृतका के चाचा जरीफ ने बताया कि भिंडी की सब्जी जलने को लेकर ससुराल पक्ष में कहासुनी हुई थी। आरोप है कि इसी दौरान जेठ मुनव्वर, उनकी पत्नी अख्तरुल उर्फ महरुम, ननद भूरी और जेठ के बेटे समेत अन्य लोगों ने मिलकर सीबो का गला दबा दिया। मृतका के गले पर निशान भी पाए गए हैं। मृतका सीबो 38 वर्षीय की सीबो की शादी 16 साल पहले सीकमपुर मिलक निवासी नाजिम से हुई थी। नाजिम गोरखपुर में एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। घटना के समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। सीबो अपने तीन बच्चों के साथ संयुक्त परिवार में रहती थी। घटना के बाद ससुराल पक्ष ने मायके वालों को सूचना दी कि सीबो सोकर नहीं उठ रही है। मौके पर पहुंचने पर मायके पक्ष के परिजनों को गला दबाकर हत्या किए जाने का संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने टांडा थाने में तहरीर देकर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला संदिग्ध है और सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।


जिला अस्पताल में खड़े मृतका के परिजन।

**मृतका के पति नहीं थे मौजूद**

मृतका के पति नाजिम ने बताया कि घटना के दौरान वह मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी अपने बच्चों के साथ संयुक्त परिवार में रहती थी। मुझे नहीं पता क्या हुआ। जब मौत की खबर मिली, तब मैं यहां पहुंचा। मैं खुद परेशान हूं कि आखिर किन कारणों से यह सब हुआ है। मुझे यह नहीं पता कि उसने फांसी लगाई या मेरे घर वालों ने उसकी गला दबाकर हत्या की है।" पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## गन्ने में अंकुर व चोटी बेधक कीट का प्रकोप, कृषि वैज्ञानिकों ने जारी की एडवाइजरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** कृषि विज्ञान केंद्र, ठाकुरद्वारा ने क्षेत्र के किसानों को गन्ने की फसल में बढ़ रहे अंकुर बेधक व चोटी बेधक कीट के प्रकोप को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। केंद्र के पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच इन कीटों का प्रभाव अधिक रहता है, जिससे फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

उन्होंने बताया कि अंकुर बेधक कीट, जिसे कंसुआ या सलाई भी कहा जाता है, गन्ने के कोमल तनों में प्रवेश कर अंदरूनी भाग को नुकसान पहुंचाता है। इससे पौधे की बीच की गोफ सूख जाती है, जिसे 'डेड हार्ट' कहा जाता है। प्रभावित पौधों को जड़ से काटकर नष्ट करने के साथ नियमित सिंचाई और निराई-गुड़ाई करने की सलाह दी गई है। रासायनिक नियंत्रण के तहत निर्धारित मात्रा में दवाओं का छिड़काव भी प्रभावी बताया गया है। वहीं चोटी बेधक कीट गन्ने की ऊपरी पत्तियों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे पत्तियों पर छर्रे जैसे निशान और झाड़ीदार संरचना बन जाती है। इसके नियंत्रण के लिए अंडों और सुंडियों को समय रहते नष्ट करने के साथ फेरोमोन ट्रैप, लाइट ट्रैप और जैविक उपाय अपनाने की सलाह दी गई है। कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर उचित प्रबंधन अपनाकर फसल को नुकसान से बचाएं तथा अधिक जानकारी के लिए केंद्र से संपर्क करें।

# मुरादाबाद मार्ग पर भीषण हादसा, अब तक 5 की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा मुरादाबाद मार्ग पर बुधवार शाम तेज रफ्तार टेंपो चालक ने सवारी से भरे टेंपो में जबरदस्त टक्कर मार दी थी जिसमें मौके पर टेंपो चालक सहितदो लोगों की मौत हो गई थी जबकि 6 लोगों को उपचार के लिए उत्तराखंड स्थित काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जिसमें तीन लोगों की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई मौत की सूचना पर परिजनों में कोहरा मच गया ।

कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि बुधवार शाम करीब 4.30 बजे एक टेंपो ठाकुरद्वारा कस्बे से सवारियां लेकर मुरादाबाद की तरफ जा रहा था। जैसे ही टेंपो हाईवे पर स्थित अस्लेमपुर तिराहे पर पहुंचा,तो विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे एक डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए टेंपो में सीधी और जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । टैंपो को डंपर करीब 200 मीटर घसीटता हुआ ले गए और उसमें सवार लोग सड़क पर बिखर गए। हादसे में टेंपो चालक थाना डिलारी के गांव मासूमपुर निवासी गुलहसन पुत्र सुलेमान और ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज वार्ड 02 निवासी खुशबू पत्नी जीत सिंह की मौके पर ही मौत होगई थी । फिर रात तक महिला खुशबू की पहचान नहीं हो सकी थी । देर रात तक जो उसकी पत्नी घर नहीं पहुंची तब उसने कोतवाली जाकर संपर्क किया । अस्पताल में जाकर पहचान कराई तो उसने अपनी पत्नी खुशबूबताया । जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे । उन्हें उपचारके लिए काशीपुर स्थितअस्पताल में भर्तीकराया गया था । जिसमें जिसमें कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा करीम निवासी कृपाल सिंह पुत्र झबरा सिंह , सानिया पत्नी कृपाल सिंह व क्षेत्र के गांव फौलादपुर निवासी शाहीन जहां पत्नी अबरार ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। दुर्घटना में घायल हुए चार लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार कुछ घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। कोतवाली पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाने सहित विभिन्न धाराओ में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। डंपर को कब्जे में ले लिया गया है, सभी मृतकों का पोस्टमार्टम करने के बाद सबको परिजनों को सौंप दिया । जबकि फरार चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। अधिकारियों ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## रुचि वीरा का प्रहार: 'दलित दमन बर्दाश्त नहीं'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के नारायणपुर छंगा गांव में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने और दलित समाज पर हुए हमले को लेकर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी की सांसद रूचि वीरा ने घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। सांसद रुचि वीरा ने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े दबंगों ने दलितों को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर दिया, लेकिन प्रशासन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय विपक्ष की आवाज दबाने में जुटा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा गठित 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के तहत जब वे पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं, तो उन्हें और अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आधी रात को ठाकुरद्वारा पहुंचने के बावजूद प्रशासन ने उन्हें पीड़ितों से मिलने और मीडिया से बातचीत करने की अनुमति नहीं दी। सांसद ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कहा कि यह भाजपा की दमनकारी नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। घटना की गंभीरता बताते हुए रुचि वीरा ने कहा कि हमले में एक मासूम बच्ची की आंख पर गंभीर चोट आई है और कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनके वीडियो भी सामने आए हैं। उन्होंने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व प्रत्याशी और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और न ही प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से की मुलाकात

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू तहसील सदर पूर्ति कार्यालय पहुंचे। जहां पर उन्होंने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विनोद कुमार से मुलाकात की। उनके माध्यम से कई गरीब लोगों के राशन कार्ड जारी कराए। प्रदेश महासचिव ने कहा कि शासन प्रशासन बहुत अच्छा कार्य कर रहा है मोदी, योगी, जयंत चौधरी की जो विचारधारा है। उसके अनुरूप सभी अधिकारी कार्य कर रहे हैं। जिनमे तहसील सदर के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विनोद कुमार, चुन्नीलाल, कपिल चौधरी गरीब मजदूर किसानों के लिए सर्वे करा कर राशन कार्ड जारी कर रहे हैं। क्योंकि इन अधिकारियों को गरीब जनता का एहसास है। ऐसे ही अधिकारी गरीब मजदूर किसानों के काम आते हैं। इस मौके पर मुनाजिर हुसैन, महफूज खान, मंजू खान,इदरीश अंसारी इलियास अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# भैरव मंदिर का 6 महीने से प्याऊ बंद

## 50 हजार रुपये की लागत से बना प्याऊ बना कबाड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** रामपुर-बरेली नेशनल हाईवे 530 पर स्थित प्रसिद्ध भैरव बाबा मंदिर पर बना सार्वजनिक प्याऊ पिछले 6 महीने से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी में तापमान 42 डिग्री पार कर चुका है, लेकिन मंदिर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं और हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा। नगर पालिका ने 2023 में 50 हजार रुपये खर्च कर यहां वाटर कूलर सहित प्याऊ लगवाया था, जो अब कबाड़ बन चुका है।



बंद पड़ा प्याऊ। –जागरण मोर्चा




रेलवे स्टेशन पर लगा प्याऊ। –जागरण मोर्चा

भैरव बाबा मंदिर मिलक का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। खासकर हर महीने की 17 तारीख को हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। इसके अलावा एनएच 530 से रोजाना 20 हजार से ज्यादा वाहन गुजरते हैं। ट्रक ड्राइवर, बस यात्री और बाइक सवार गर्मी में पानी पीने के लिए मंदिर पर रुकते थे। पुजारी प्रेमशंकर ने बताया कि प्याऊ नवंबर 2024 से बंद है। मोटर जल गई है, टोटी टूट गई। श्रद्धालु पानी मांगते हैं तो मजबूरी में दुकान से बोतल खरीदकर देते हैं। पुण्य के काम में भी पाप हो रहा है।प्याऊ बंद होने का सबसे ज्यादा फायदा मंदिर के बाहर बैठे दुकानदार उठा रहे हैं। 10 रुपये की पानी की बोतल 20 रुपये में बेची जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिन के लिए लू का येलो अलर्ट जारी किया है। डॉक्टरों के मुताबिक इस गर्मी में डिहाइड्रेशन से मौत तक हो सकती है। इसके बावजूद नगर पालिका का प्याऊ महीनों से बंद पड़ा है। टंकी में काई जमी है, टोटियां गायब हैं, वाटर कूलर पर धूल की परत चढ़ी है।

### शहर के सात प्याऊ के फुंके कम्प्रेशर

**रामपुर।** भीषण गर्मी के बीच शहर में लगे सार्वजनिक सात प्याऊ के कम्प्रेशन फुंक गए है। जिससे राहगीरों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी राहगीरों, मजदूरों और रिक्शा चालकों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें तेज धूप में प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। रामपुर नागरिक समाज की ओर से शहर में 127 स्थानों पर प्याऊ लगे हुए हैं। इनमें 6 ऐसे प्याऊ है। जिनके कम्प्रेशर फुंके हुए हैं। कम्प्रेशर फुंकने की वजह से प्याऊ में गर्म पानी आ रहा है। भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। इसी वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। समाजसेवी सतीश भाटिया ने बताया कि रेलवे स्टेशन वाले प्याऊ के लिए कम्प्रेशर मंगवाया गया है जिसकी कीमत करीब 14300 रुपये हैं। जल्द ही प्याऊ में कम्प्रेशर लगवाया जाएगा। जिससे कि राहगीरों को परेशानी न आए।

# प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण पेश करने के दिए गए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय ने कम्पोजिट विद्यालय लाडपुर बीबी विकास खण्ड स्वार में मध्याह्न भोजन योजना की गंभीर अनियमितताओं को लेकर सख्त नोटिस जारी किया है।

जिला समन्वयक (एमडीएम) द्वारा 20 अप्रैल को किए गए निरीक्षण में कई गंभीर खामियां पाई गईं। निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार उस दिन बच्चों को आलू-टमाटर की सब्जी के साथ चावल दिया गया, जबकि मेन्यू के अनुसार रोटी दी जानी थी। सोमवार होने के बावजूद फल का वितरण नहीं हुआ। बच्चों ने बताया कि फल का वितरण नियमित रूप से नहीं होता, कभी-कभी ही किया जाता है। इस माह भी फल नहीं बांटा गया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि लगभग 6 महीने से ग्राम प्रधान द्वारा दूध नहीं दिया जा रहा है। मध्याह्न भोजन पंजिका और प्रेरणा पोर्टल पर रोटी, फल एवं दूध का वितरण नियमित रूप से दर्ज किया जा रहा था, जबकि वास्तव में वितरण नहीं हो रहा था। प्रधानाध्यापक ने बताया कि ये पुस्तकें उनके विद्यालय की नहीं, बल्कि प्राथमिक विद्यालय मझरा लाडपुर बीबी की हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने इंटरमीडिएट प्रधानाध्यापक जयप्रकाश सिंह को नोटिस जारी कर कहा है कि वे उपरोक्त सभी आरोपों का स्पष्टीकरण, विगत 03 वर्ष की कम्पोजिट ग्रांट की धनराशि के व्यय संबंधी बिल-बाउचर, खेल सामग्री क्रय के बिल, समेकित निःशुल्क सामग्री वितरण पंजिका, एमडीएम पंजिका, उपस्थिति पंजिका, स्टाफ पंजिका, चेक इश्यू पंजिका, बैठक पंजिका, पुस्तकालय एवं खेलकूद पंजिका सहित 27 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। यह नोटिस जिला समन्वयक (एमडीएम) की रिपोर्ट के आधार पर जारी किया गया है। अनुपालन न करने पर आगे की कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



अधिकारियों के साथ बैठक लेते एसपी। –जागरण मोर्चा

# परीक्षा को लेकर एसपी ने ली बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में आगामी होमगार्ड परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी,कर्मचारी को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, एवं समस्त क्षेत्राधिकारी उपस्थित रहे।



पुलिस कर्मियों से वार्तालाप करते एएसपी। –जागरण मोर्चा

# एएसपी ने कचहरी परिसर का किया निरीक्षण

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत न्यायालय सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी, कर्मचारियों से एएसपी ने वार्तालाप करके उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ताकि किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हो सके। इससे पहले डीएम और एसपी ने भी निरीक्षण किया था।

# बिजली संकटः भाकियू का एसडीओ को ज्ञापन



एसडीओ को ज्ञापन देते किसान। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** गुरुवार को क्षेत्र के किसानों की बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। ज्ञापन में प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर तत्काल रोक लगाने की प्रमुख मांग की गई।ज्ञापन में अन्य महत्वपूर्ण मांगों में फीडर के समय में परिवर्तन करने, लाइनमैन द्वारा की जा रही अवैध वसूली पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में जर्जर हो चुकी बिजली लाइनों को ठीक कराने की बात भी शामिल थी। प्रमुख सचिव चौधरी सुनील कुमार सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव और पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष डॉक्टर फूल सिंह, मनोज कुमार, राजेश कुमार, किशन लाल सिंह, तेजपाल सिंह, प्रेम सिंह, नवल किशोर, गुफरान खान, महावीर सिंह धनगर, जगतपाल सिंह और ओम प्रकाश सिंह आदि शामिल रहे।

### लापरवाही के कारण 16 घंटे ठप रही बिजली

**मसवासी।** नगर में बिजली कर्मियो की लापरवाही के कारण नगर के वार्ड 13 की आपूर्ति पूरी रात ठप रही। जिसकी वजह से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार की शाम लगभग चार बजे के करीब सर्व हितकारी इंटर कॉलेज के पास लगे ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया। जिसकी वजह से वार्ड की सप्लाई ठप हो गयी। रात तक जब फ्यूज नहीं जुडा तो लोगो ने कर्मचारियों को फोन से फ्यूज उडने की सूचना देने की कोशिश की। लेकिन किसी भी कर्मचारी ने किसी भी उपभोक्ता का फोन रिसीव नहीं किया। इसकी सूचना जब मसवासी उपेन्द्र के अवर अभियन्ता को उपभोक्ताओं ने देनी चाही। तो उन्होंने भी फोन रिसीव नही किया। थक हार कर उपभोक्ताओं को पूरी रात बिजली के आभाव मे गुजारनी पड़ी। बच्चे, बुजुर्गो का रात काटना मुश्किल हो गया। घरों में लगे इन्वर्टर भी जवाब दे गए। गुरूवार की सुबह लगभग आठ बजे के करीब ट्रांसफार्मर का फ्यूज जोड़ा गया। तब जाकर कही अपूर्ति चालू हो सकी। उपभोक्ताओं का कहना है कि नगर के लिए विद्युत विभाग ने तीन कर्मचारियो को नियुक्त कर रखा है कि अगर लाइन में नगर में कोई कमी या किसी उपभोक्ता की कोई शिकायत है तो उसका तुरंत निस्तारण किया जाए। मगर नगर में ऐसा नही हो रहा है।

# विकास भारती स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया पृथ्वी दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** क्षेत्र के विकास भारती स्कूल में गुरुवार को पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना। सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।



शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल में पौधारोपण करती विद्यालय टीम।




बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग। –जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण, बोर्ड सज्जा और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों में पृथ्वी संरक्षण का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। मुख्य आकर्षण हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य विषय पर आयोजित वेबिनार रहा, जिसे शिक्षा विभाग एवं मंत्रालय के सहयोग से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने वेबिनार के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। अभिभावकों ने भी इसमें भाग लेकर बच्चों के साथ वृक्षारोपण अभियान में सहयोग किया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 10 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। चेयरमैन संसार सिंह, प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता और उप-प्राचार्य चेतन खत्री ने अभिभावकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। याशी (95.4%), शायना (92%) और वंशिका (90%) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और स्वच्छ व हरित वातावरण बनाने का संकल्प दिलाया।

### पृथ्वी की रक्षा के लिए दिलाई शपथ

**रामपुर।** प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर जागीर नगर क्षेत्र में पृथ्वी दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई व बच्चों को पर्यावरण और पृथ्वी के प्रति जागरूक किया गया। एक नाटक के माध्यम से यह भी बताया की एक पौधे को उगने व इसकी वृद्धि में कौन-कौन तत्व सहायक होते हैं। अगर हमारी पृथ्वी बचेगी तो यह पेड़ पौधे बचेंगे और अगर पेड़ पौधे बचेंगे तो इस पृथ्वी पर जीवन बचेगा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका वैलेन्टीना विक्टर ने बताया की बच्चों को लघु नाटिका व लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक किया। अंत में पर्यावरण को बचाने व पृथ्वी की रक्षा के लिए समस्त अभिभावकों स्टाफ को शपथ भी दिलाई गई इस अवसर पर वैलेन्टीना विक्टर,सपना, मिथिलेश, कमलेश, संजू आदि रहे।

# महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस - 5 अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को महिला सुरक्षा दल जनपद रामपुर द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन,181 (महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं,बालिकाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सकें।



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस कर्मी। –जागरण मोर्चा

### बाजारों में जाकर किया जागरूक

# अपना दल (एस) मजबूत करेगा संगठन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** गुरुवार को अपना दल एस की विधानसभा स्वार की बैठक नगर के मोहल्ला मस्जिद कोहना में प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट के आवास पर विधानसभा अध्यक्ष शरीफ जमील की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत करें। जिला अध्यक्ष ने न्याय पंचायत स्तर पर प्रभारियों की घोषणा की।



स्वार में आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

### बैठक में बनाए गए न्यायपंचायत प्रभारी

मोहम्मद आरिफ को न्याय पंचायत चंदुपुरा का प्रभारी ,मोहम्मद जावेद को न्याय पंचायत स्तर बादली का प्रभारी, हाजी महबूब को न्याय पंचायत रामनगर लतीफपुर का प्रभारी, पिंकी गौतम को न्याय पंचायत धनुपुरा का प्रभारी, आजम प्रधान को न्याय पंचायत पीपली नायक का प्रभारी,शरीफ अहमद को न्याय पंचायत दढियाल का प्रभारी बनाया गया है। बैठक में प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट, जिला महासचिव याकूब अली एडवोकेट,जिला सचिव शैलेष वर्मा, विधि मंच जिला अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह,विधानसभा अध्यक्ष चमरौआ महबूब अली पाशा,नगर अध्यक्ष टांडा अहमद नबी सैफी, नगर अध्यक्ष दढ़ियाल रहीस अहमद,जाबिर मेम्बर,जावेद अली आदि मौजूद रहे।

# 25 अप्रैल को होगी किसानों की पंचायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की मासिक पंचायत इस बार 24 के बजाय 25 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्क में सुबह 10:30 बजे किसान और पदाधिकारी एकत्रित होंगे। बैठक में किसानों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की जाएगी, जिसके पश्चात जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से आह्वान किया है कि वे समय का ध्यान रखते हुए अपनी पूरी टीम के साथ कचहरी पार्क पहुंचें। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों के हक की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम | दयावती मोदी अकादमी में स्पीक मैके का भव्य सांस्कृतिक आयोजन

# प्रसन्ना के बांसुरी वादन से डीएमए हुआ मंत्रमुग्ध

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** दयावती मोदी अकादमी में गुरुवार को स्पीक मैके के तत्वावधान में एक प्रभावशाली सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के सुप्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से विद्यार्थियों और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने विभिन्न रागों पर आधारित धुनें प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की सुंदरता से परिचित कराया।



बांसुरी वादक पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना को सम्मानित करती डीएमए की प्रधानाचार्य सुमन तोमर और मौजूद आदित्य वर्मा।

उन्होंने देशभक्ति गीत सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा तथा भजन ओ पालन हारे निर्गुण और न्यारे और वैष्णव जन तो तेने कहिए की मधुर धुनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनके साथ पीलीभीत से आए पंडित सम्यक पाराशरी ने बांसुरी पर तथा असम से आए पंडित देव ज्योतिदास गुप्ता ने तबले पर उत्कृष्ट संगत दी, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। तीनों कलाकारों की जुगलबंदी ने दर्शकों को देर तक तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ सुमन तोमर ने कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवानी गुप्ता एवं नजम खान ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर अचल राज पांडेय, पूनम गुप्ता, आर.के. गुप्ता, रवि मेहरा सहित विद्यालय के बच्चे, अन्य शिक्षकगण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

## विद्यालय जाते समय मारुति वैन में शिक्षिका की हार्टअटैक से मौत



**चन्दौसी।** कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय काजीवाला में तैनात सहायक अध्यापिका अर्चना कुमारी की गुरुवार सुबह स्कूल जाते समय हार्टअटैक से दर्दनाक मौत हो गई। मूलरूप से गाजियाबाद निवासी अर्चना विकास नगर में किराए पर रहकर अपनी ड्यूटी कर रही थीं। उनके पति और बच्चे गाजियाबाद में ही रहते हैं। रोजाना की तरह वह अन्य चार शिक्षिकाओं के साथ मारुति वैन से स्कूल के लिए रवाना हुईं। रास्ते में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वह शांत हो गईं। वैन चालक ने अचेत अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके शव को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया और दोपहर तक उनके पति भी गाजियाबाद से पहुँच गए। शिक्षिका की अचानक मौत से सहकर्मियों और परिजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

# इंटरमीडिएट में अपूर्वा व हाईस्कूल में नितेश रहे जनपद टापर

### इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का परीक्षाफल घोषित होने के बाद खुश नजर आए छात्र-छात्राएं, विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों ने टॉपर्स को मिठाई खिला दी शुभकामनाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** यूपी बोर्ड का इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का रिजल्ट घोषित होने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी नजर आई। इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में जनपद की टापर बच्चें चन्दौसी के ही है। रिजल्ट घोषित होने के बाद टापर बच्चे विद्यालय पहुंचे और खुशी मनाई। वहीं विद्यालय स्टाफ ने भी टापर्स को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

गुरुवार की शाम 4 बजे इंटरमीडिएट व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इंटरमीडिएट में जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज की छात्रा अपूर्वा यादव ने 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया है। जबकि एमएसएसएन इंटर कालेज कुढ़फतेहगढ़ के संजीव ने 92.60 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसके अलावा जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज की खुशी वार्ष्णेय ने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। संजीव व खुशी जनपद में दूसरे स्थान पर रही है। इससके अलावा जनपद में 6 स्थान पर रहीं राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज का छात्र विशाल ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

इसके अलावा हाईस्कूल में राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र नितेश ने 95.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया है। जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज की छात्रा रितु धनगर ने 92.33 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। रितु जनपद में चौथे स्थान पर रही हैं। इसके अलावा आरएस इंटर की छात्रा शिवांगी शर्मा ने 91.83 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज की छात्रा नाव्या यादव ने 91.62 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में छटा स्थान प्राप्त किया है। वहीं राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र गौरव ने 90.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में 10वां स्थान प्राप्त किया। परीक्षा फल घोषित होने के बाद टापर बच्चे अपने-अपने विद्यालय पहुंचे और जमकर खुशी मनाई। यहां शिक्षकों ने टापर्स को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।



राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में टापर छात्रों को मिठाई खिलाते शिक्षक।



जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में टापर्स को मिठाई खिलाते शिक्षक।

### प्रोफेसर बनना चाहती हैं अपूर्वा

**चन्दौसी।** जनपद में इंटरमीडिएट की छात्रा अपूर्वा ने प्रथम प्राप्त किया है। जबकि छोटी बहन नाव्या ने हाईस्कूल में छटा स्थान प्राप्त किया है। दोनों बहनों की कामयाबी से परिवार में खुशी का माहौल है। छात्राओं के पिता श्रीनिवास जगदीश सरन सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में शिक्षक पद पर तैनात है। जबकि मां नीरज गृहणी है। अपूर्वा अपने जीवन में महाविद्यालय में प्रोफेसर बनना चाहती हैं। दोनों बहनों अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है।

### इंजीनियर बनना चाहते हैं नितेश

**चन्दौसी।** जनपद में हाईस्कूल के छात्र नितेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वह बड़े होकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। नितेश के पिता महेश चंद्र व्यापारी है और बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में रहते हैं। नितेश वर्तमान में कोटा में रहकर इंजीनियर की पढ़ाई कर रहे हैं। नितेश की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को देते हैं।



अपूर्वा यादव, 92 .80 प्रतिशत, इंटरमीडिएट



संजीव 92 .60 प्रतिशत, इंटरमीडिएट



खुशी वार्ष्णेय, 92 .60 प्रतिशत



विशाल 89 .80 प्रतिशत, इंटरमीडिएट



नितेश 95 .67 प्रतिशत, हाई स्कूल



रितु धनगर, 92 .33 प्रतिशत, हाईस्कूल



शिवांगी शर्मा, 91 .83 प्रतिशत, हाईस्कूल



नाव्या, 91 .67 प्रतिशत हाईस्कूल



गौरव, 90 .50 प्रतिशत हाईस्कूल



अपना इस्तीफा सौपते विहिप व बजरंग के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## विहिप और बजरंग दल की नगर कार्यकारिणी का सामूहिक इस्तीफा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की बैठक बिसौली गेट स्थित बजरंग दल नगर कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें पिछले कई दिनों से चल रही आपसी मतभेद के कारण नगर कार्यकारिणी बजरंग दल ने सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा विश्व हिंदू परिषद के नगराध्यक्ष दीपेश गुप्ता को सौंपा। इस्तेमाल देने वालों में नगर संयोजक आशीष तूफानी, नगर सह संयोजक दिनेश कुशवाह व गौरव सक्सेना, नगर गौरक्ष प्रमुक सचिन शर्मा, नगर सह गौरक्षा प्रमुख गौरव पाल, नगर सह विद्यार्थी प्रमुख देव वर्मा, नगर वालोपासना प्रमुख सचिन पाल, नगर सह सुरक्षा प्रमुख अमित प्रजापति, खंड संयोजक अशोक नगर यश शर्मा, नगर सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद हेमंत वार्ष्णेय, खंड संयोजक ग्राम असालातपुर जारई खेमपाल प्रजापति आदि रहे।

## गुरबक्श सिंह बने गुरुद्वारा साहिब के प्रधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के आजाद रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरुवार को एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से सरदार गुरबक्श सिंह को प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धा, उत्साह और खुशी का विशेष माहौल देखने को मिला।

नव-नियुक्त प्रधान सरदार गुरबक्श सिंह कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व और खुशी का क्षण है कि उन्हें सेवा का यह अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के सदस्यों ने नए प्रधान का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। संगत की उपस्थिति में धार्मिक वातावरण के बीच गुरु गोविंद सिंह साहिब की वाणी का पाठ किया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात संगत में प्रसाद वितरण किया गया। विशेष रूप से अमृतसर से पधारे सरदार परमजीत सिंह ने नव-नियुक्त प्रधान गुरबक्श सिंह को कृपाण भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। इस मौके पर उनके परिवार के सदस्य के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था। गुरुद्वारा परिसर में संगत ने नए प्रधान को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। समारोह के अंत में सभी ने मिलकर गुरुद्वारे की उन्नति, सेवा कार्यों में वृद्धि और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी के हस्तांतरण का प्रतीक था, बल्कि सिख परंपराओं, सेवा भावना और सामुदायिक एकता का भी उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।



नव-नियुक्त प्रधान गुरबक्श सिंह को कृपाण भेंट कर सम्मानित करते।

## गर्मी और लू में खूब पानी पीना ही बचाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भीषण गर्मी व लू के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर एडीएम प्रदीप वर्मा ने गर्मी व लू के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए कुछ सावधानियों बरतने की सलाह दी गई है।

1- दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कड़ी धूप में बाहर न निकले।

2- पानी खूब पीए, जितनी बार हो सके पानी का सेवन अवश्य करें। प्यास न लगे तो भी थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहे।

3- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें। बाहर निकलते समय गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा और चप्पल जूते जरुर इस्तेमाल करें।

4- यात्रा में पानी साथ रखें और बाहर काम करना हो तो गीले कपड़े को चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। टोपी, गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें।

5- तबियत खराब हो या चक्कर आए तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। घर पर लस्सी, नमक-पानी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम पन्ना जैसे पेय पदार्थ लें।

6- जानवरों को छांव में रखें और उन्हें समय-समय पर पानी पिलाते रहें।

7- घर को ठंडा रखें, रात में खिड़कियां खुली रखें।

8- शराब, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें।

**क्या न करें-**

- धूप में खड़े वाहनों के आसपास बच्चों व पालतू जानवरों को न जाने दे।
- नशीले पदार्थ, शराब, अल्कोहल और बासी भोजन का सेवन न करें।
- दिन में खाली पेट घर से बाहर न निकले। इससे लू लगने का खतरा बना रहता है।
- सड़कों पर बिकने चाट-पकौड़ी के सेवन से बचें।

**क्या करें-**

- घर पर खाना बनाते समय खिड़की-दरवाजे खुले रखें ताकि हवा आती-जाती रहे।
- दोपहर में गर्म हवा आने वालाी खिड़कियों पर काले पर्दे लगाएं।
- स्थानीय मौसम पूर्वानुमान सुनते रहें और तापमान में बदलाव पर ध्यान दे।
- गर्मी अधिक होने पर बच्चों व बुजुर्गों के खानपान में विशेष ध्यान दें।

## गंगा स्नान, पूजा और दान करने से जीवन के होते कष्ट दूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के सीता रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में गीता सत्संग महिला मंडल द्वारा गंगा सप्तमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन और दीपदान कर मां गंगा की महिमा का गुणगान किया। संयोजिका इंदु अग्रवाल ने पौराणिक कथा सुनाते हुए मां गंगा के 'जाह्नवी' नाम पड़ने के महत्व को बताया। अध्यक्ष मंजू अग्रवाल ने कहा कि इस दिन स्नान और दान करने से कष्ट दूर होते हैं। वहीं, रानी अग्रवाल ने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण की अपील करते हुए अधिक पौधे लगाने और प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संकल्प दिलाया।

## शिविर में किया लोगों ने रक्तदान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड व मूमेन एरा की ओर से बीएस हास्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि डा. सुधा चौधरी ने स्वागत भाषण से किया।

उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य समाज के लोगों में रक्तदान के महत्व के प्रति जागरुकता फैलाना और जरुरतमंदों की सहायता करना है। इसके बाद चिकित्सकों की टीम ने रक्तदान के लाभों के विषय में बताया और कहा कि रक्तदान करना एक महान कार्य है, जिससे अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। रक्तदान करने के लिए लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। इसके बाद रक्तदान कराया। रक्तदान करने वालों में सुरभि अग्रवाल, सुमेघा अग्रवाल, लोकेश भारतीय, अमित शर्मा, विजय शर्मा, पूजा डुडेजा, अविनाश, सौरभ अग्रवाल, सोनी बंसल, पल्लवी भारद्वाज आदि शामिल रहे। इस अवसर पर क्षमा अग्रवाल, कृष्ण अवतार गुप्ता, पद्मा भार्गव, अनु रस्तोगी, सुभाष रुस्तगी, शुभा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, वंदना गुप्ता, अंजलि, प्राची, शिवानी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।




शिविर में रक्तदान करती महिला तथा मौजूद ग्रुप पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**▸ चिकित्सकों ने समझाया रक्तदान करने का महत्व**

## भीषण गर्मी का कहर: आग उगल रहा सूरज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। दिन के समय बाहर निकलनाकिसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को खास परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह होते ही सूरज के तेवर इतने तीखे हो जाते हैं कि सुबह 9 बजे से ही ऐसा महसूस होने लगता है मानो दोपहर हो गई हो। 10 बजे तक तेज और चुभने वाली धूप के कारण हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, जिससे लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

हर्षोल्लास | मंदिर में महाआरती में मौजूद रहे श्रद्धालु, प्रसाद का हुआ वितरण

## श्री देवी गंगा मंदिर में धूमधाम से मनाया गंगा सप्तमी का त्योहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री देवी गंगा मंदिर पर गंगा सप्तमी पर त्योहार धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार की सुबह मंदिर के महंत मनोज शर्मा व प्रवेश शर्मा ने मां गंगा की मूर्ति का पंचामृत स्नान कराकर सुंदर श्रंगार किया। मां गंगा का षोडशोपचार पूजन कर महाआरती संपन्न की गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया एवं प्रसाद का वितरण किया गया। गंगा स्पतमी को लेकर महंत मनोज शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में गंगा स्नान का खास महत्व है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णिमा, संक्रांति, गंगा सप्तमी, गंगा दशहरा और अमावस्या समेत शुभ तिथियों पर गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर मां गंगा, सूर्य देव, महादेव और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। सामान्य दिनों में भी लोग गंगा स्नान करते हैं।

सनातन धर्म में गंगा सप्तमी का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा धरती पर प्रकट हुई थीं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन मां गंगा ने ऋषि जाह्नु के कान से पुनर्जन्म लिया था। इसलिए इसे जाह्नवी जयंती भी कहा जाता है। यह पर्व वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है और इस दिन गंगा स्नान, पूजा-पाठ और दान का विशेष महत्व होता है। भगवान शिव ने गंगा नदी को वर्ष वैशाख के माह में शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर अपनी जटाओं में धारण किया था। ज्येष्ठ माह के शुल्क की दशमी तिथि को गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस दिन गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थीं। इस अवसर पर सुनीता, सावित्री, निधि, दीक्षा, लता, कुमकुम, शोभा, हिमांशु, भगवती आदि मौजूद रहीं।



श्री देवी गंगा मंदिर में आरती में मौजूद श्रद्धालु।

## क्लेम न मिलने पर भड़की भाकियू भानू

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** आवास विकास स्थित एलआईसी शाखा पर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पदाधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आरोप है कि बिलारी निवासी संगठन के पदाधिकारी सलीम को दुर्घटना के दो साल बाद भी क्लेम नहीं दिया जा रहा। सलीम ने 2022 में दुर्घटना में पैर गंवा दिया था, जिसके बाद से वे कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। विरोध के दौरान सुरक्षा गार्ड से कहासुनी पर पुलिस भी बुलानी पड़ी। शाखा प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया कि सीएमओ कार्यालय से जारी मेडिकल दस्तावेजों में नाम और पिता के नाम में त्रुटि है। उन्होंने कागजात दुरुस्त होने पर क्लेम दिलाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

## जायजा: डीएम-एसपी पहुंचे परीक्षा केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ की ओर से उत्तर प्रदेश होमगार्डस के पदों पर इनरोलमेंट- 2025 की प्रस्तावित लिखित परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल को संपन्न कराई जाएगई।

परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय संभल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें दोनों अधिकारियों ने कहा कि महाविद्यालय की साफ-सफाई प्राथमिकता पर की जाए और कक्षों में प्रकाश की व्यवस्था पर्याप्त रहे। एसपी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र पर विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इसके अलावा इंटरनेट की भी व्यवस्था रहें। डीएम ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रानिक डिवाइस, इलेक्ट्रानिक घड़ी आदि की अनुमति नहीं होगी। इसको प्रत्येक दशा में ध्यान रखें। परीक्षा का साफ-सफाई करा ली जाए। इसके अलावा निरीक्षण में स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की भी देखा। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम निधि पटेल आदि मौजूद रहे।



संभल में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। -जागरण मोर्चा

**▸ 25, 26 व 27 अप्रैल को होगी होमगार्ड्स भर्ती लिखित परीक्षा**

## एक नजर

### मां-भाई की हत्याः पुलिस का निष्पक्ष खुलासे का दावा

**कांठ।** थाना क्षेत्र में एक युवती द्वारा भाई और मां की सरिया एवं लकड़ी के खूंटे से हत्या करने के मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ गांव में जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और हत्या के सभी पहलुओं पर पीड़ित परिवार से जानकारी ली। सभी बिंदुओं पर हत्या की जांच करने की बात कही और निष्पक्ष घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया। थाना कांठ के ग्राम भैंसली जमालपुर उर्फ गदापुर में बुधवार की शाम को मानसिक रूप से बीमार अनीता पुत्री स्वर्गीय मदन सिंह ने अपने भाई अर्जुन एवं माता मुन्नी देवी की लोहे की सरिया और लकड़ी के खूंटे से हमला कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह पुलिस बल के साथ गांव में घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली और मौके का नक्शा भी बनाया, जिसमें मृतक के भाई राजीव ने पुलिस के सामने जमीन और जगह के बंटवारे को लेकर भी सवाल उठाए हैं, जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया है।

# जिला टॉप टेन में यश के छह बच्चों ने पाया स्थान

## कमलेश के तीन, रामसरन के दो और पियर्स का एक बच्चा रहा टॉप टेन में शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में यश पब्लिक इण्टर कॉलेज के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। यहाँ के चार विद्यार्थी इंटरमीडिएट में तो वहीं हाईस्कूल में दो विद्यार्थी जनपद की टॉप टेन में शामिल रहे। छात्र-छात्राओं ने ढोल नगाड़े पर नाच गाकर अपनी खुशी का इज़हार किया।

यश पब्लिक इण्टर कॉलेज में छात्रा लवी ने 93.40 % अंक प्राप्त करके जनपद में द्वितीय, कल्पना सिद्धू ने 92.20 % अंक प्राप्त करके जनपद में चतुर्थ, आयुषी एवं काक्षी ने 91.00 % अंक प्राप्त करके संयुक्त रूप से जनपद में छठा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह हाईस्कूल की परीक्षा में छात्रा मीनाक्षी ने 95.50 % अंक प्राप्त करके जनपद में चतुर्थ और छात्र वंश ने 95.50 % अंक प्राप्त करके जनपद में पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक लखबीर सिंह, प्रधानाचार्य नीरज कुमार एवं अध्यक्ष मलखान सिंह ने शानदार परीक्षा परिणामों पर हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। उधर ब्लॉक के गाँव भारापुर माफी में स्थित कमलेश गिल इण्टर कॉलेज में भी बच्चों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इण्टरमीडिएट में छात्रा भूमि शर्मा ने 93.20 % अंक प्राप्त करके जनपद में तृतीय और ज्योति ने 89.60 % अंक प्राप्त करके जनपद में दसवां स्थान प्राप्त किया जबकि हाईस्कूल में यहाँ के छात्रा नेंसी ने 94.83 % अंक प्राप्त करके जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक रुमाल सिंह और प्रधानाचार्य मूलचंद गिल, उप-प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने बच्चों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करके उत्साहवर्धन किया। उधर ब्लॉक के गाँव सलेमपुर गौसाईं स्थित रामसरन दास स्मारक इण्टर कॉलेज के छात्र माही ने 95.00 % अंक प्राप्त करके जनपद में सातवां स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा नेहा ने 94.50 % अंक प्राप्त करके जनपद में नवां स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक समरपाल सिंह और प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह, उप-प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साह बढ़ाया। उधर नगर के मुहल्ला मायापुरी स्थित पियर्स चड्ढा इंटर कॉलेज में छात्रा पायल त्यागी ने 91.60 % अंक प्राप्त करके जनपद में पांचवां स्थान प्राप्त किया।



यश पब्लिक इंटर कॉलेज स्कूल में प्रबंधक व प्रधानाचार्य मिठाई खिलाने बच्चों को।




कमलेश गिल इंटर कॉलेज भारापुर खुशी का इजहार करते प्रधानाचार्य मुलचंद गिल।



मीनाक्षी 95.83, हाईस्कूल



वंश 95.50, हाई स्कूल



माही, कक्षा–10, 95%



छात्रा पलक को मिठाई खिलाने परिजन एवं ग्रामीण। –जागरण मोर्चा



इंटर की जिले की टॉप 10 में तहसील की बेटियों का रहा दबदबा। –जागरण मोर्चा



लवी कक्षा 12, 93.40



भूमि शर्मा कक्षा–12, 93.20




नेहा, कक्षा–10, 94.50




आयुषी कक्षा 12, 91%



पायल त्यागी कक्षा 12, 91.60



नैनसी कक्षा–10, 94.83



काक्षी कक्षा 12, 91%



कल्पना सिद्धू कक्षा 12, 92.20



ज्योति कक्षा–12, 89.60

# स्कूल प्रशासन द्वारा जिले की टॉपर अंशिका को मिठाई खिला कर दी बधाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार के आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्राओं का दबदबा हर क्षेत्र में बरकरार है, वही जनपद की टॉप 10 की सूची में तहसील क्षेत्र की बेटियों का दबदबा रहा। यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में एक बार फिर बेटियों ने बाजी मार कर अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया है।इंटरमीडिएट की जिले की टॉप 10 सूची में तहसील क्षेत्र की बेटियों का दबदबा रहा। तहसील क्षेत्र के गांव रझौहा स्थित आरपीएस इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका पुत्री चंद्रपाल ने 94.40 अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं इसी विद्यालय की प्रियांशी चौहान पुत्री पुष्पेंद्र सिंह ने 89.80 अंक प्राप्त करके जनपद में नौवां स्थान प्राप्त किया है। वही गांव लुहारी भूड़ के श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज की छात्रा कामिनी पुत्री विदेश सिंह ने 89.60 अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। ग्राम भदौरा स्थित चौधरी फूल सिंह इंटर कॉलेज की पलक पुत्री प्रवीन सिंह ने 89.60 अंक प्राप्त करके दसवां स्थान प्राप्त किया इसी के साथ जेबडा गुर्जर स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज की अनु पुत्री ईश्वर चंद्र 89.60 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया। वही सभी मेधावी छात्रों को स्कूल प्रशासन द्वारा बुलाकर उन्हें मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पारिवारिक विवाद में महिला से अभद्रता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव में खेत पर काम कर रही एक महिला के साथ अभद्रता और उसके बेटों पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को गांव बागड़पुर छोईयां निवासी चमेली नामक महिला अपने खेत पर कार्य कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसके जेठ के पुत्र ने उसके साथ गाली-गलौज और बदसलूकी की।

पीड़ित महिला ने किसी तरह घर पहुँचकर आपबीती अपने परिजनों को सुनाई। जब महिला के दो बेटे, देवेंद्र और ऋषिपाल, इस घटना की शिकायत करने आरोपियों के पास पहुंचे, तो दबंगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को रहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। आदमपुर थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस इसे पारिवारिक रंजिश मानकर गहनता से जांच कर रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



अस्पताल में भर्ती घायल। –जागरण मोर्चा

▸ **हमले में दो भाई गंभीर घायल, सीएचसी रहरा में चल रहा उपचार**

# बेखौफ जुआरियों का अड्डा बना हथिया खेड़ा, तिरपाल बिछाकर दिन-रात लगा रहे दांव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांवों में इन दिनों जुए के अवैध अड्डे पूरी तरह फल-फूल रहे हैं, जिस पर अंकुश लगाने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है।

ताजा मामला गांव हथिया खेड़ा का है, जहाँ जुआरियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन-रात बेखौफ होकर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी है। बुधवार रात और दिन के बताए जा रहे इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि जुआरी खुलेआम तिरपाल बिछाकर बैठे हैं और उनके हाथों में ताश के पत्तों के साथ नकदी भी नजर आ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि 'जुआरियों' के इन अड्डों पर कोई प्रभावी रोक नहीं लग रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है।इस गंभीर मामले में जब क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिली है और वायरल वीडियो की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि पुलिस इन अड्डों को कब तक बंद करा पाती है।

# गर्मी एवं लू के प्रकोप से जनजीवन बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर क्षेत्र में लोग अभी से तेज गर्मी से जूझने लगे हैं। तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दिन में गर्म हवाओं के थपेड़े राहगीरों को बेहाल कर रहे हैं। रात में भी उमस बढ़ जाती है।

प्रशासन ने गर्मी व लू से बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। इस बार गर्मी का असर फरवरी के अंतिम सप्ताह से ही शुरू हो गया था। मार्च के महीने में ही लोगों को अच्छी खासी गर्मी का अहसास होता रहा। अप्रैल के महीने में तो गर्मी और बढ़ गई। इस बीच आंधी-बारिश के साथ कहीं कहीं ओलावृष्टि हो गई थी। तब दो-तीन दिन तापमान में गिरावट रहने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली थी। पिछले करीब दस दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सुबह सूर्योदय के साथ ही गर्मी बढ़ने लगती है। दिन चढ़ने के साथ ही हवा का रुख गर्म हो जाता और लू चलने लगती है। गुरुवार को सुबह से ही सूर्य देव से तेज धूप अपना प्रकोप दिखा रही थी। दोपहर के समय गर्म हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। लू के थपेड़े सड़कों पर आने जाने वाले लोगों को परेशान करती रही। अधिकांश लोग मुंह पर कपड़ा लपेटकर जाते दिखाई दिए।गर्म हवाओं के चलते शाम तक गर्मी का प्रकोप जारी रहा।



गर्मी से बचने के लिए कपड़ा बांधकर जाते हुए। –जागरण मोर्चा

# प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने पर भड़के विधायक कमाल अख्तर, कार्रवाई की निंदा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर ठाकुरद्वारा के ग्राम नारायणपुर छंगा जा रहे सपा प्रतिनिधिमंडल को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। यह प्रतिनिधिमंडल बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने और दलित समाज पर हुए हमले के पीड़ितों से मिलने जा रहा था।

पुलिस ने पूर्व कैबिनेट मंत्री व कांठ विधायक कमाल अख्तर को मुंडापांडे टोल प्लाजा पर रोककर हिरासत में ले लिया। इस दौरान सपा नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। विधायक कमाल अख्तर ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बाबा साहेब का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जनप्रतिनिधियों को रोकना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधायक मनोज पारस, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, प्रदेश सचिव जुगुल किशोर बाल्मीकि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपाइयों ने स्पष्ट किया कि पार्टी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। इस कार्रवाई से नाराज कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



कमाल अख्तर। –जागरण मोर्चा

# सपा की सदस्यता लेकर प्रथम बार नगर पहुँचे ब्लॉक प्रमुख का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय जनता पार्टी का दामन छोड़ समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी का गुरुवार को प्रथम बार नगर आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ।

भाजपा विधायक के भाई राजेंद्र खड़गवंशी ने हाल ही में अपनी पत्नी निर्वेश देवी और सैकड़ों समर्थकों के साथ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी, जिससे क्षेत्र में बड़ा सियासी उलटफेर हो गया है।गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख का काफिला जैसे ही नगर में प्रवेश कर ब्लॉक तिराहे से बाईपास मार्ग की ओर बढ़ा, समर्थकों ने पुष्प वर्षा और फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। इस दौरान समर्थकों के हाथों में सपा का झंडा, सिर पर लाल टोपी और जुबां पर 'अखिलेश यादव जिंदाबाद' के नारे सुनाई दिए।राजेंद्र खड़गवंशी ने कहा कि उन्होंने सपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी जॉइन की है। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान शासन में जनता केवल लाइन में लगने को मजबूर है और क्षेत्र के लोग इस व्यवस्था से दुखी हैं। इस अवसर पर भारी संख्या में उनके समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राजेंद्र खड़गवंशी का हुआ स्वागत। –जागरण मोर्चा

# सड़क हादसे में घायल बाइक मैकेनिक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** क्षेत्र के ग्राम छजलैट निवासी बाइक मैकेनिक मुकेश कुमार (35) की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। बीती 13 अप्रैल को दुकान से जाते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी थी। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह मुरादाबाद के कोठीवाल डेंटल हॉस्पिटल में वेंटिलेटर पर थे, जहाँ बुधवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। मुकेश अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत से पत्नी आशा देवी और तीन मासूम बच्चों का बुरा हाल है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली बाइक को पहले ही कब्जे में ले लिया है। मैकेनिक की मौत से गांव में शोक व्याप्त है।



# पूर्व सभासद अरविंद अन्ना बने गौतम बुद्ध समिति के अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** आगामी गौतम बुद्ध जयंती को धूमधाम से बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन नगर की एक गैस एजेंसी पर हुआ। जिसमें सभी वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार रखे और जयंती को कैसे सुंदर बनाया जाए। इस पर विचार विमर्श किया गया। गौतम बुद्ध जयंती 1 मई को नगर में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी लोगों द्वारा पूर्व सभासद अरविंद कुमार अन्ना को गौतम बुद्ध समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया, इसी के साथ उपस्थित सभी लोगों द्वारा अरविंद अन्ना का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंद अन्ना ने सभी को विश्वास दिलाया कि जो आपने मुझ पर जिम्मेवारी दी है उस पर मैं खरा उतरूंगा और महात्मा बुद्ध की जयंती बड़े ही भव्य रूप से मनाई जाएगी।

संपादकीय

# पटाखा उद्योग में सुरक्षा और संतुलन की जरूरत

देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे पटाखा फैक्ट्री विस्फोट चिंता का गंभीर विषय हैं, पर इसे केवल व्यवस्था की विफलता या केवल आर्थिक विवशता के नजरिए से देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह एक जटिल संकट है, जहां सुरक्षा, रोजगार और प्रशासनिक जवाबदेही, तीनों का संतुलन आवश्यक है। केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश में हाल के हादसों ने यह स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी कहीं-न-कहीं मौजूद है। बार-बार होने वाली घटनाएं यह संकेत देती हैं कि निरीक्षण तंत्र को अधिक प्रभावी और सतर्क बनाने की जरूरत है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि हर घटना को केवल लापरवाही करार देना समस्या के व्यापक संदर्भ को सीमित कर देता है। पटाखा उद्योग लाखों लोगों की आजीविका से जुड़ा है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां रोजगार के विकल्प सीमित हैं। ऐसे में कठोर प्रतिबंध या अचानक कार्रवाई न केवल उद्योग को प्रभावित करेगी, बल्कि हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिरता को भी झटका दे सकती है। इसलिए समाधान ऐसा होना चाहिए, जो सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए रोजगार की निरंतरता बनाए रखे। इस दिशा में दोहरी रणनीति की आवश्यकता है। एक ओर, अवैध इकाइयों और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी ओर, वैध इकाइयों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण और आधुनिक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाने चाहिए। स्वचालन और बेहतर प्रबंधन प्रणाली से जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अंततः, यह केवल कानून लागू करने का प्रश्न नहीं, बल्कि एक संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने का मामला है। यदि प्रशासन, उद्योग और श्रमिक, तीनों मिलकर जिम्मेदारी साझा करें, तो न केवल हादसों को रोका जा सकता है, बल्कि इस उद्योग को सुरक्षित, टिकाऊ और अधिक मानवीय स्वरूप भी दिया जा सकता है। इसके लिए पारदर्शिता, निरंतर निगरानी और जनजागरूकता जैसे प्रयास भी समान रूप से आवश्यक होंगे। यही संतुलन पटाखा उद्योग के भविष्य की दिशा तय करेगा।

# घरेलू संसाधनों से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह

माना जाता है कि इतिहास हमेशा ही वर्तमान की प्रयोगशाला होती है। लगभग पांच दशक पहले भारतीय ग्रामीण जीवन का एक सहज दर्शन था, 'जो है, जितना है, उसी में आवश्यकताओं की पूर्ति करो।' पूर्वजों द्वारा गढ़ा गया यह विचार संसाधनों की कमी का समाधान भर नहीं था, आत्मनिर्भरता का व्यावहारिक मॉडल भी था। आज जब विश्व अर्थव्यवस्था अस्थिरताओं और भू-राजनीतिक तनावों से गुजर रही है, तब वही दर्शन एक नए रूप में हमारे सामने अवसर बनकर खड़ा है। फर्क बस इतना है कि अब यह सोच व्यक्तिगत जीवन से कहीं आगे निकलकर राष्ट्रीय ऊर्जा रणनीति का आधार बन सकती है। भारत के पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है, विशेषकर जैविक ईंधन के रूप में कोयला। लंबे समय तक इसे केवल बिजली उत्पादन तक सीमित रखकर देखा गया, पर अब इसकी उपयोगिता का दायरा समय के अनुरूप कहीं व्यापक हो चुका है। कोयला गैसीकरण जैसी तकनीकें इसे ऊर्जा और औद्योगिक कच्चे माल के एक बहुआयामी स्रोत में बदल रही हैं। यह परिवर्तन न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी निर्णायक कदम साबित हो सकता है।

दरअसल, पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आयातित तेल और गैस पर अत्यधिक निर्भरता किसी भी देश के लिए कूटनीतिक और रणनीतिक रूप से जोखिमपूर्ण है। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85% कच्चा तेल और लगभग 50% प्राकृतिक गैस आयात करता है, इसका असर वैश्विक अस्थिरता के दौरान सीधा देश की कूटनीति और आर्थिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू संसाधनों का वैज्ञानिक और रणनीतिक उपयोग अनिवार्य हो जाता है। कोयला गैसीकरण इसी दिशा में एक ठोस पहल है, जो ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अधिक लचीला और आत्मनिर्भर बना सकता है। तकनीकी दृष्टि से देखें तो कोयले को गैसीकरण प्रक्रिया के जरिए 'सिनगैस' में परिवर्तित किया जाता है, जिसमें हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड व अन्य गैसों का मिश्रण होता है। यह सिनगैस मेथनॉल, डाइमिथाइल ईथर और अन्य रसायनों के उत्पादन में उपयोगी है। विशेष रूप



से मेथनॉल को एक अपेक्षाकृत स्वच्छ ईंधन माना जाता है, जो परिवहन क्षेत्र में पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों का विकल्प बन सकता है। वैश्विक शिपिंग उद्योग में इसकी बढ़ती मांग इसकी उपयोगिता को और भी मजबूत करती है।

इसके अतिरिक्त, कोयला गैसीकरण से उत्पन्न हाइड्रोजन ऊर्जा संक्रमण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभर सकती है। यदि इसे कार्बन कैप्चर तकनीकों के साथ जोड़ा जाए, तो 'ब्लू हाइड्रोजन' के रूप में इसका उपयोग उत्सर्जन को कम करने में सहायक हो सकता है। इस हाइड्रोजन से अमोनिया और उर्वरकों का उत्पादन भी संभव है, जिससे भारत की आयात निर्भरता घटेगी और कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। इसके अलावा आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह क्षेत्र अत्यंत संभावनाशील साबित हो सकता है। हालांकि, कोयला गैसीकरण परियोजनाएं पूंजीगत रूप से बेहद महंगी और जटिल होने के बावजूद रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता रखती हैं। खनन क्षेत्रों में एकीकृत औद्योगिक क्लस्टर विकसित कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी जा सकती है। ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बड़े निवेश प्रस्ताव इस दिशा में बढ़ते विश्वास का संकेत हैं।

हालांकि, चुनौतियां भी कम नहीं हैं। भारतीय कोयले में उच्च राख की मात्रा गैसीकरण प्रक्रिया को जटिल बनाती है, जिसके लिए उन्नत व आधुनिक तकनीकों की जरूरत होती है। साथ ही, इन परियोजनाओं में भारी व स्थाई प्रारंभिक निवेश, पर्यावरणीय स्वीकृतियां और कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन जैसी बाधाएं भी खड़ी होंगी। लेकिन यदि ठोस नीति के साथ कार्ययोजना को स्पष्टता, पारदर्शिता और प्रोत्साहन मिलें, तो इन चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकता है। सरकार द्वारा राष्ट्रीय कोयला गैसीकरण मिशन की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है, जिसका लक्ष्य आगामी 2030 तक बड़े पैमाने पर गैसीकरण को बढ़ावा देना है। यदि इसे प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देते हुए जमीन पर उतारा जाए, तो यह ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक अभूतपूर्व बदलाव ला सकता है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत की ऊर्जा यात्रा किसी एक स्रोत पर निर्भर नहीं रह सकती। नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार के साथ-साथ कोयले के स्वच्छ और उन्नत उपयोग का संतुलित मॉडल ही भविष्य का रास्ता है। यही वह बिंदु है जहां परंपरा और आधुनिकता का संगम होता है, जहां 'जो है, जितना है' का पुराना सिद्धांत, नई तकनीकों के सहारे, एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव रख सकता है।

■ राममनोहर रायकवार

## दैनिक राशिफल

- **मेष राशि**:- समय आज ठीक नहीं है मन चिंता से ग्रस्त रहेगा कामकाज में बाधा उत्पन्न हो सकती है।
- **वृषभ राशि**:- सितारों की अनुकूलता लगातार बनी रहेगी कामकाज सफलता से ओतप्रोत रहेगा।
- **मिथुन राशि**:- समय आज पूरी तरह से आपकी मदद करेगा यश मान-सम्मान में वृद्धि होगी।
- **कर्क राशि**:- समय आज सामान्य है घरेलू परेशानियां बढ़ सकती हैं प्रेम संबंधों में प्रतिकूलता रह सकती।
- **वृश्चिक राशि**:- समय आज पूरी तरह से आपकी सहायता करेगा कार्यक्षेत्र शानदार रहेगा।
- **कन्या राशि**:- समय बेहद अनुकूलता से परिपूर्ण है यश मान-सम्मान में वृद्धि होगी भाग्य में आ रहे अवरोध दूर होंगे।
- **सिंह राशि**:- समय आज कमजोर सा है घर-परिवार को लेकर परेशानी आ सकती है वैवाहिक संबंध तनावपूर्ण रहेंगे।
- **तुला राशि**:- सितारों की अनुकूलता दोपहर बाद से और मजबूती की ओर अग्रसर है कार्यक्षेत्र बढ़िया रहेगा प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।
- **धनु राशि**:- सितारे आज दोपहर बाद से बेहद शुभ होने जा रहे हैं जितने जरूरी काम हैं, दोपहर बाद ही करें माता से जुड़े हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।
- **कुंभ राशि**:- ग्रहों की अनुकूलता आज पूरे दिनभर बनी रहेगी इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने जरूरी निर्णय और कार्य तेजी से संपन्न करें।
- **मीन राशि**:- समय बेहद शानदार बना हुआ है स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा कामकाज बढ़िया रहेगा प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।
- **मकर राशि**:- शनि और चंद्रमा दोनों आपकी मदद कर रहे हैं इसका भरपूर लाभ उठाकर अपने आवश्यक कार्यों को तेजी से संपन्न करें प्रेम संबंध शानदार रहेंगे।

# मझोली ताकतों का उभार और महाशक्तियों की रणनीतिक चुप्पी



आज की विश्व व्यवस्था एक निर्णायक परिवर्तन के दौर से गुजर रही है, जहां महाशक्तियों की पारंपरिक निर्णायक भूमिका धीमी पड़ती दिख रही है और मध्यम शक्तियां कूटनीति के नए केंद्र बन कर उभर रही हैं। यह बदलाव केवल शक्ति संतुलन का नहीं, वैश्विक हितों, रणनीतियों और सहयोग के स्वरूप में गहरे परिवर्तन का संकेत भी है।

वर्तमान वैश्विक राजनीति एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ी है, जहां पारंपरिक महाशक्तियों की भूमिका अपेक्षाकृत धुंधली होती दिखाई दे रही है, जबकि छोटे और मझोले देश कूटनीतिक सक्रियता के नए केंद्र बनकर उभर रहे हैं। विशेषकर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव, इस बदलाव को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। एक समय था जब ऐसे किसी भी बड़े संकट में अमेरिका, रूस या यूरोपीय शक्तियां खुलकर मध्यस्थता करती थीं, लेकिन अब उनका अपेक्षाकृत मौन रहना कई सवाल खड़े करता है। इस बदलती परिस्थिति में पाकिस्तान जैसे देश मध्यस्थ की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं। भले ही इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम की कोशिशें सफल नहीं रहीं, लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि ऐसे प्रयास अब छोटे या मध्यम शक्ति वाले देशों द्वारा किए जा रहे हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि वैश्विक कूटनीति का स्वरूप बहुध्रुवीय होता जा रहा है, जहां हर देश अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए अवसरों की तलाश में है।

**दरअसल,** मिडिल पावर्स की सक्रियता के पीछे आदर्शवाद से अधिक व्यावहारिकता काम करती है। ये देश शांति स्थापित करने के लिए नहीं, बल्कि अपनी सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखने के लिए मध्यस्थता करते हैं। युद्ध और अस्थिरता का सीधा असर इन्हीं देशों पर पड़ता है, चाहे वह शरणार्थी संकट हो, व्यापारिक बाधाएं हों या ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान। ऐसे में उनकी पहल को एक रणनीतिक निवेश के रूप में देखा जाना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति और स्पष्ट हुई है। दोहा में अमेरिका-तालिबान वार्ता, तुर्की द्वारा रूस-यूक्रेन संवाद की मेजबानी और सऊदी अरब की मध्यस्थ भूमिका इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

**इन** घटनाओं ने यह सिद्ध किया है कि अब वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए केवल बड़ी शक्तियों पर निर्भरता कम हो रही है। वहीं क्षेत्रीय और मध्यम शक्तियां अपने-अपने स्तर पर समाधान खोजने का प्रयास कर रही हैं। हालांकि, अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि महाशक्तियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो रही है। उनका मौन अक्सर एक रणनीतिक चुप्पी होती है, जिसमें वे अपने दीर्घकालिक हितों और संबंधों को ध्यान में रखती हैं। अमेरिका, ईरान और इजरायल जैसे देशों के साथ संतुलन बनाए रखना किसी भी बड़े देश के लिए आसान नहीं है, इसलिए वे सीधे हस्तक्षेप से बचते हुए परोक्ष रूप से स्थिति पर नजर बनाए रखते हैं।

**इस** पूरे परिदृश्य का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, जैसे संयुक्त राष्ट्र, अपेक्षाकृत कमजोर दिखाई दे रही हैं। जब वार्ताएं उसके मंच के बाहर हो रही हों, तो यह उसकी प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। इससे वैश्विक शासन व्यवस्था में एक प्रकार का विकेंद्रीकरण नजर आता है। यह स्पष्ट है कि विश्व राजनीति एक संक्रमणकाल से गुजर रही है। जहां एक ओर महाशक्तियां सतर्क दूरी बनाए हुए हैं, वहीं मझोले देश अवसर और चुनौती दोनों को स्वीकार कर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि स्थायी और प्रभावी समाधान के लिए बड़ी शक्तियों की सक्रिय भागीदारी अभी भी अपरिहार्य है। यदि वे लंबे समय तक निष्क्रिय रहती हैं, तो इसका खामियाजा पूरी दुनिया को आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता के रूप में भुगतना पड़ सकता है।

■ हरिनारायण मिश्रा

जीवनशैली

# चेहरा पढ़कर परोसा जाता खाना

## एआई रेस्टोरेंट का चौंकाने वाला भविष्य

अभी तक आप किसी होटल या रेस्टोरेंट में खाना खाने जाते हैं तो मेन्यू देखकर अपनी पसंद की जो चीजें आर्डर करते हैं, लेकिन कभी ऐसा हो कि आप रेस्टोरेंट जाएं और बिना आपकी इच्छा पूछे आपका मनपसंद खाना कुछ ही समय में आपकी टेबल पर आ जाए तो आप चौंक जाएंगे। ये कोई कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है। दुनिया हमारी सोच से कहीं आगे निकल चुकी है। चीन में हाल ही में ऐसा ही एक रेस्टोरेंट खुला है, जिसमें इंसान नहीं, बल्कि रोबोट सेवाएं दे रहे हैं और यह एआई तकनीक से संचालित हो रहा है।

### चेहरे से पहचान, पसंद का विश्लेषण

चीन के शिहू जिले में खुले इस अत्याधुनिक रेस्टोरेंट में ग्राहक के प्रवेश करते ही एआई सिस्टम सक्रिय हो जाता है। यह केवल चेहरे की पहचान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि चेहरे के भाव, उम्र, लिंग और मूड जैसी चीजों का भी विश्लेषण करता है। कुछ जगहों पर ग्राहक के पिछले ऑर्डर और व्यवहार का डेटा भी जोड़ा जाता है। इसके बाद सिस्टम यह तय करता है कि ग्राहक को किस तरह का भोजन पसंद आ सकता है हल्का, मसालेदार, हेल्दी या हाई-एनर्जी डाइट। इस तरह ऑर्डर देने की प्रक्रिया लगभग खत्म हो जाती है और अनुभव अधिक व्यक्तिगत बन जाता है।

### रोबोट्स के हवाले पूरा किचन

इन रेस्टोरेंट्स की सबसे बड़ी खासियत है रोबोटिक किचन। यहां ऑर्डर लेने, खाना पकाने, प्लेट सजाने, सर्व करने और यहां तक कि सफाई करने तक का काम रोबोट्स करते हैं। ये रोबोट्स हजारों रेसिपी और कुकिंग तकनीकों पर प्रशिक्षित होते हैं। इससे हर बार खाने का स्वाद और गुणवत्ता एक समान रहती है। किचन में करीब 60 प्रतिशत काम रोबोट करते हैं, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होती है।

### सटीकता और गुणवत्ता का नया स्तर

मानव कुकिंग में जहां गलती की संभावना रहती है, वहीं एआई और रोबोटिक्स के इस्तेमाल से मानवीय गलती लगभग समाप्त हो जाता है। हर डिश तय तापमान, समय और सामग्री के अनुपात में बनती है। इससे न सिर्फ स्वाद बेहतर होता है, बल्कि खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता भी सुनिश्चित होती है। यही कारण है कि ये रेस्टोरेंट्स हाइजीन के मामले में भी नए मानक स्थापित कर रहे हैं।



### तेजी से बढ़ता बाजार और ट्रेंड

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित रेस्टोरेंट्स का चलन खासतौर पर चीन, जापान और अमेरिका जैसे देशों में तेजी से बढ़ रहा है। फूड टेक इंडस्ट्री की रिपोर्ट्स के अनुसार, आने वाले वर्षों में यह बाजार कई गुना बढ़ सकता है। 2026 तक इसका आकार हजारों करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2030 तक और भी तेजी से बढ़ेगा। इसका मुख्य कारण है तेजी, सटीकता और ग्राहक के अनुभव में सुधार।

### फायदे के साथ चुनौतियां भी

हालांकि यह तकनीक सुविधा और नवाचार का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ा सवाल रोजगार का है अगर किचन और सर्विस पूरी तरह रोबोट्स के हाथ में चली गई, तो मानव श्रमिकों की भूमिका क्या होगी? इसके अलावा डेटा प्राइवेसी और चेहरे की पहचान जैसी तकनीकों को लेकर भी चिंताएं सामने आ रही हैं।

### कम लागत और ज्यादा सुविधा

ऑटोमेशन का एक बड़ा फायदा यह भी है कि संचालन लागत में कमी आती है। कम स्टाफ, तेज सेवा और बेहतर प्रबंधन के कारण ग्राहकों को अपेक्षाकृत कम कीमत पर बेहतर अनुभव मिलता है। कुछ जगहों पर तो पहले के मुकाबले भोजन की कीमतों में भी कमी दर्ज की गई है।

# दही-बेसन का जादू

## कढ़ी की स्वादभरी दुनिया

गर्मी के दिनों में राहत पाने के लिए लोग जहां ठंडे पेयों का सहारा लेते हैं, वहीं थाली में दही-छाछ से बनी कढ़ी एक ऐसा स्वाद है, जो शरीर को ठंडक भी देती है और मन को सुकून भी। हल्की खटास, मसालों की खुशबू और बेहतरीन स्वाद, कढ़ी हर क्षेत्र में अलग रूप लेकर भी हर दिल पर राज करती है।

### राजस्थानी कढ़ी

राजस्थानी कढ़ी हल्की और बिना पकोड़ों के बनाई जाती है। इसके लिए दही, बेसन, हल्दी, नमक, लाल मिर्च, राई, जीरा, हींग, साबुत लाल मिर्च, करी पत्ता की जरूरत होती है।

**बनाने का तरीका** : दही और बेसन को पानी में घोल लें, ताकि गांठ न रहे। इसमें हल्दी, नमक और लाल मिर्च डालें। अब इसे मध्यम आंच पर लगातार चलाते हुए उबालें। दूसरी ओर कड़ाही में तेल गर्म कर राई, जीरा, हींग, साबुत लाल मिर्च और करी पत्ता का तड़का लगाएं। यह तड़का उबलती कढ़ी में डालकर 10-15 मिनट धीमी आंच पर पकाएं।

### पंजाबी कढ़ी



पंजाबी कढ़ी गाढ़ी और मसालेदार होती है, जिसमें पकोड़े इसकी जान होते हैं। इसे बनाने में दही, बेसन, प्याज, अदरक-लहसुन, हल्दी, लाल मिर्च, गरम मसाला, मेथी दाना, जीरा, करी पत्ता का उपयोग होता है।

**कैसे बनाएं** : बेसन में नमक, लाल मिर्च और कटा प्याज मिलाकर गाढ़ा घोल बनाएं और पकोड़े तल लें। दही और बेसन का पतला घोल तैयार करें। कड़ाही में तेल गर्म कर जीरा, मेथी दाना, अदरक-लहसुन भूनें, फिर दही-बेसन का घोल डालें। मसाले डालकर 20-25 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। अंत में पकोड़े डालकर कुछ देर और उबालें, ताकि वे ग्रेवी में अच्छे से घुल जाएं।

### सिंधी कढ़ी

#### सब्जियों का चटपटा संगम



यह कढ़ी बिना दही के बनती है और इसमें कई तरह की सब्जियां डाली जाती हैं। मुख्य सामग्री में बेसन, भिंडी, आलू, गाजर, टमाटर, सहजन (ड्रमस्टिक), इमली, हल्दी, धनिया पाउडर, लाल मिर्च, जीरा, मेथी दाना शामिल है।

#### बनाने की विधि

सबसे पहले कढ़ाई में बेसन को हल्का भून लें। अब तेल में जीरा और मेथी दाना डालकर सब्जियां (भिंडी, आलू, गाजर) हल्की फ्राई करें। इसमें पानी डालकर उबालें और फिर भुना बेसन मिलाएं। टमाटर, इमली का पानी और मसाले डालकर 20 मिनट तक पकाएं। कढ़ी गाढ़ी और सब्जियां नरम हो जाएं तो गैस बंद करें।

#### स्वाद बढ़ाने के जरूरी टिप्स

- कढ़ी को हमेशा धीमी आंच पर पकाएं, तभी स्वाद निखरेगा
- तड़के में हींग और मेथी दाना खुशबू बढ़ाते हैं
- दही हल्का खट्टा हो तो कढ़ी ज्यादा स्वादिष्ट बनती है
- पकोड़ों को डालने से पहले हल्का निचोड़ लें

#### हर थाली की शान

कढ़ी की खूबी यही है कि यह सादगी में भी स्वाद देती है। चावल, रोटी या बाजरे की रोटी, हर चीज के साथ इसका स्वाद अलग ही आनंद देता है। इस गर्मी, अपनी रसोई में कढ़ी के अलग-अलग स्वाद आजमाइए और हर कौर में सुकून महसूस कीजिए।

# आम खाएं, पर न फेंकें गुठली

आम केवल एक फल नहीं, बल्कि स्वाद और सेहत का अद्भुत संगम है। यही कारण है कि इसे 'फलों का राजा' कहा जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई इसके रसीले और मीठे स्वाद का दीवाना होता है। आम में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं। यह न केवल बीमारियों से लड़ने में मदद करता है, बल्कि मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को भी सक्रिय बनाए रखता है। घाव भरने से लेकर त्वचा की चमक तक, आम का योगदान बहुआयामी है।

## गजब हैं इसके फायदे





### गुठली का महत्व

अक्सर लोग आम खाने के बाद उसकी गुठली को बेकार समझकर फेंक देते हैं, लेकिन यही गुठली असल में गुणों का भंडार है। बहुत कम लोग जानते हैं कि आम की गुठली में भी कई आवश्यक विटामिन, खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसे सुखाकर पाउडर, तेल या बटर के रूप में उपयोग किया जा सकता है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि सौंदर्य बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाती है।

### पाचन समस्याओं का उपचार

आम की गुठली का पाउडर पाचन तंत्र के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। छाछ या शहद के साथ इसका सेवन दस्त, पेचिश और कब्ज जैसी समस्याओं में राहत देता है। यह आंतों को मजबूत बनाकर पाचन क्रिया को संतुलित करता है, जिससे शरीर हल्का और स्वस्थ महसूस करता है।

### दिल और शुगर के लिए सुरक्षा कवच

आम की गुठली में मौजूद तत्व खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने और रक्तचाप को नियंत्रित रखने में सहायक होते हैं। इससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। साथ ही, यह ब्लड शुगर को संतुलित रखने में मदद करती है, जिससे डायबिटीज के मरीजों के लिए भी यह एक उपयोगी विकल्प बन जाती है।

### दांतों और बालों के लिए वरदान है गुठली

आम की गुठली का उपयोग दांतों की मजबूती के लिए भी किया जाता है। इसका मंजन दांतों को कीड़े और पायरिया से बचाने में सहायक होता है। वहीं, गुठली के चूर्ण को नारियल तेल के साथ मिलाकर लगाने से डैंड्रफ की समस्या कम होती है और बालों को पोषण मिलता है। यह बालों को मजबूत और चमकदार बनाता है।

### सुंदरता और फिटनेस का अनोखा साथी

त्वचा की देखभाल में भी आम की गुठली का योगदान उल्लेखनीय है। इसके पाउडर में टमाटर का रस मिलाकर लगाने से डेड स्किन हटती है और त्वचा साफ व चमकदार बनती है। साथ ही, इसका तेल त्वचा को नमी प्रदान करता है। गुठली मेटाबॉलिज्म को तेज करके वजन घटाने में भी मदद करती है, जिससे शरीर फिट और ऊर्जावान बना रहता है। इस प्रकार, आम का स्वाद जितना लुभावना है, उसकी गुठली उतनी ही उपयोगी है। अब समय है कि हम इस अनमोल हिस्से को बेकार समझकर फेंकने के बजाय उसके गुणों को पहचानें और अपने जीवन में शामिल करें।

# हाईस्कूल में 90.42% व इंटर में 80.38% छात्र सफल, लड़कियां फिर आगे

## यूपी बोर्ड परिणाम- 2026

- हाईस्कूल में 23.52 लाख हुए उत्तीर्ण
- इंटरमीडिएट में 20 लाख हुए उत्तीर्ण
- पास प्रतिशत में लड़कियों ने मारी बाजी










**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** परीक्षा परिणाम 23 अप्रैल 2026 को सायं 4 बजे शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं बोर्ड के सभापति डॉ. महेंद्र देव तथा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किया गया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परिणामों में हाईस्कूल में 90.42% और इंटर में 80.38% छात्र सफल घोषित किए गए हैं।

हाईस्कूल परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की कशिश वर्मा (97.83) और द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी) की अंशिका वर्मा (97.83%) रहीं।

वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की शिखा वर्मा (97.60%) रहीं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है और उनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

**15 कार्यदिवसों में सफलतापूर्वक पूरा हुआ मूल्यांकन**

परीक्षा परिणाम 23 अप्रैल 2026 को सायं 4 बजे शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं बोर्ड के सभापति डॉ. महेंद्र देव तथा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किया गया। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 के बीच प्रदेश के 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल 2026 के बीच कुल 254 मूल्यांकन केंद्रों पर कराया गया।

**हाईस्कूल में बेटियों ने फिर मारी बाजी**

हाईस्कूल परीक्षा में कुल 26,01,381 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 13,43,524 बालक और 12,57,857 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें से कुल 23,52,181 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 90.42 रहा। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.30 जबकि बालिकाओं का 93.76 प्रतिशत रहा, जो कि लड़कों से 6.46 प्रतिशत अधिक है।

संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 90.51 रहा, जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 66.67 प्रतिशत दर्ज किया गया। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 96,803 परीक्षकों द्वारा किया गया।

**इंटरमीडिएट में 80.38% रहा परिणाम**

दूसरी तरफ, इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 24,86,072 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 13,09,397 बालक और 11,76,675 बालिकाएं थीं। इनमें से 19,98,317 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 80.38 रहा। बालकों का पास प्रतिशत 75.04 और बालिकाओं का 86.32 प्रतिशत रहा।

यानी बालिकाएं 11.28 प्रतिशत आगे रहीं। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 80.47 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 77.54 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 55,973 परीक्षकों द्वारा किया गया।

**प्रयोगात्मक परीक्षाएं व अन्य विवरण**

इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से 9 फरवरी 2026 के बीच दो चरणों में 18,007 परीक्षकों की निगरानी में सम्पन्न कराई गईं। आंशिक विषयों की परीक्षा में हाईस्कूल के 3,286 और इंटरमीडिएट के 58,134 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है, वहीं परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया।

### इंटरमीडिएट परीक्षा 2026

**प्रथम स्थान** : शिखा वर्मा - 97.60%
विद्यालयः बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर)
**द्वितीय स्थान** : नंदनी गुप्ता - 97.20%
विद्यालयः सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज, खेरा (बरेली)
श्रिया वर्मा - 97.20%
विद्यालयः महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज (बाराबंकी)
**तृतीय स्थान** : सुरभि यादव - 97.00%
विद्यालयः सर्वोदय जनकल्याण इंटर कॉलेज, खेरा (बरेली)
पूजा पाल - 97.00%
विद्यालयः महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज (बाराबंकी)

### हाईस्कूल के टॉपर्स

**प्रथम स्थान** (संयुक्त) : कशिश वर्मा - 97.83%
विद्यालयः बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर)
अंशिका वर्मा - 97.83%
विद्यालयः द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी)
**द्वितीय स्थानः** अदिति - 97.50%
विद्यालयः द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी)
**तृतीय स्थान (संयुक्त):** अर्पिता - 97.33%
विद्यालयः बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, सीतापुर
ऋषभ साहू - 97.33%
विद्यालयः लॉर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल, झांसी
परी वर्मा - 97.33%
विद्यालयः द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी)

# आजम खां को कोर्ट से फिर झटका: शत्रु संपत्ति केस में जमानत खारिज, धोखाधड़ी कर अभिलेखों से छेड़छाड़ का है आरोप

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** शत्रु संपत्ति के अभिलेखों से छेड़छाड़ और धोखाधड़ी के मामले में सपा नेता आजम खां को एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। यह मामला वर्ष 2020 का है।

शत्रु संपत्ति के अभिलेखों से छेड़खानी के मामले में बढ़ाई गई धाराओं में सपा नेता आजम खां को कोर्ट से झटका लगा है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने उनका जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी से जुड़ी धाराओं को बढ़ाया गया था।

शत्रु संपत्ति का यह मामला 2020 से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में रिकार्ड रूम प्रभारी फरीद अहमद की ओर से सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता पर धोखाधड़ी कर रिकॉर्ड रूम में रिकॉर्ड (अभिलेखों) से छेड़खानी करने का आरोप लगा था।

इस मामले की तफ्तीश के बाद पुलिस ने सपा नेता आजम खां के खिलाफ पुलिस ने जांच करते हुए चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। पुलिस की इस चार्जशीट में धारा 218 के साथ ही 420, 467, 471, 120 बी, 201 लगाई गई थी।



इस मामले में सपा नेता की ओर से अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में मामले में सुनवाई चल रही थी। बृहस्पतिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

अभियोजन अधिकारी स्वदेश शर्मा ने बताया कि एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने सपा नेता आजम खां की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। सपा नेता इस वक्त रामपुर जेल में बंद हैं।

अफसरों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने में अभियोजन की बहस पूरी

सपा नेता आजम खां के खिलाफ तत्कालीन डीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कोर्ट में अभियोजन की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में बचाव पक्ष की बहस शुरू होगी। इस मामले की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। सपा नेता आजम खां के खिलाफ तत्कालीन डीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का यह मामला भोट थाना क्षेत्र का है।

भोट थाने में 2019 के लोकसभा चुनाव में यह मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन डीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। इस मामले में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही है। बृहस्पतिवार को इस मामले में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से अभियोजन अधिकारी स्वदेश शर्मा की ओर से बहस की गई। उनकी बहस पूरी हो गई। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अभियोजन की बहस पूरी हो गई है। अब इस मामले में बचाव पक्ष की बहस होनी है। इस मामले की सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

शत्रु संपत्ति से जुड़ी तीन मुकदमों की फाइलों की एक साथ सुनवाई करने के मामले में सुनवाई पूरी हो गई है। अब कोर्ट इस मामले में दो मई को फैसला सुनाएगी। शत्रु संपत्ति व उससे संबंधित जमीन से जुड़े तीन मामलों की फाइलों की सुनवाई एक साथ कराने के लिए बचाव पक्ष की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है,जिस पर सुनवाई चल रही है। बृहस्पतिवार को इस मामले की सुनवाई हुई।

# सरकार का बड़ा फैसला, अब असमय बारिश से प्रभावित गेहूं पर राहत, प्रदेश में शिथिल मानकों के साथ होगी खरीद

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** असमय बारिश से प्रभावित गेहूं किसानों को राहत देते हुए सरकार ने शिथिल मानकों पर खरीद का फैसला किया है। चमक कम होने और टूटे दानों वाले गेहूं भी खरीदे जाएंगे। इससे किसानों को नुकसान से बचाने और उचित मूल्य दिलाने में मदद मिलेगी। लाखों किसानों को इसका लाभ मिलेगा।



असमय हुई बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को देखते हुए सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं की खरीद अब शिथिल मानकों के साथ की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों को नुकसान से बचाना और उन्हें मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से रोकना है।

सरकार के निर्णय के अनुसार, अब प्रदेश में लस्टर लॉस (चमक में कमी) वाले गेहूं की स्वीकार्य सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। वहीं सिकुड़े और टूटे दाने की सीमा, जो पहले 6 प्रतिशत थी, उसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इससे बारिश के कारण गुणवत्ता प्रभावित होने के बावजूद किसानों का गेहूं खरीदा जा सकेगा।

शिथिल मानकों के तहत खरीदे गए गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखा जाएगा और उसका अलग लेखा-जोखा होगा। इस गेहूं का उपयोग केवल उत्तर प्रदेश के भीतर ही किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस तरह खरीदे गए गेहूं के भंडारण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई गिरावट होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। साथ ही, ऐसे गेहूं के स्टॉक को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।

इस फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिनकी फसल हाल की बारिश से प्रभावित हुई है। सरकार का यह कदम किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# डिप्टी सीएम केशव बोले- 2027 में चारों खाने चित्त होंगे अखिलेश, अब सैफई जाने की तैयारी करें

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर बृहस्पतिवार को तीखा हमला बोला। सर्किट हाउस में संवाददाताओं से हुई बातचीत में डिप्टी सीएम ने कहा कि अखिलेश यादव इन दिनों मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं, लेकिन 2027 के विधानसभा चुनाव में वह चारों खाने चित्त नजर आएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के बाद अखिलेश यादव को राजनीति छोड़कर वापस सैफई प्रस्थान करना पड़ेगा।

लखनऊ रवाना होने से पहले सर्किट हाउस में बातचीत में केशव ने सपा की कार्यशैली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का मूल चरित्र समाज को आपस में लड़ाना और लोगों के घाव पर नमक छिड़कना है। डिप्टी सीएम ने कटाक्ष करते हुए कहा कि अखिलेश यादव इस वक्त सत्ता के वियोग में व्याकुल हैं। उनका यह वियोग केवल 2027 तक ही सीमित नहीं रहने वाला है, बल्कि 2047 तक उन्हें इसी तरह इंतजार करना पड़ेगा।



उन्होंने स्पष्ट किया कि सपा चाहे अकेले चुनाव लड़े या फिर बसपा और कांग्रेस के साथ गठबंधन कर ले, प्रदेश में केवल कमल ही खिलेगा।

कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्षी दल को घेरते हुए मौर्य ने कहा कि प्रदेश की माताएं और बहनें अब जागरूक हो चुकी हैं। वह कभी भी साइकिल का बटन दबाकर अपनी सुरक्षा को खतरे में नहीं डालेंगी। जनता जानती है कि सपा के शासन में गुंडागर्दी और पलायन का बोलबाला रहता था। यदि फिर से साइकिल की रफ्तार बढ़ी तो उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार में सुशासन और कानून का राज कायम है और भविष्य में भी रहेगा।

इसी दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि बंगाल की जनता ने निडर होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया तो 2026 में वहां भाजपा की ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी। इसके पूर्व सर्किट हाउस में उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनी और पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर अवधेश चंद्र गुप्ता, सुबोध सिंह, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, आशीष गुप्ता, श्याम चंद्र, विक्रमजीत भदौरिया, आनंद सोनकर आदि मौजूद रहे।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन, जनपद-लखनऊ की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव संपन्न

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन जनपद-लखनऊ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव प्रांतीय कार्यालय, 8/8अ ओल्ड स्पेशल वार्ड, बलरामपुर चिकित्सालय में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता बी.पी. चौधरी (अध्यक्ष, जनपद शाखा-लखनऊ) द्वारा की गई।अधिवेशन के पश्चात चुनाव अधिकारी प्रदेश के आदरणीय महामंत्री प्रद्युम्न सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया



संपन्न हुई। संगठन की मजबूती और एकजुटता को देखते हुए सर्वसम्मति से नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्षः राजीव कनौजिया,वरिष्ठ उपाध्यक्षः एम.जे. सिद्दीकी,उपाध्यक्षः एस.पी. मिश्रा मंत्रीः अजय कुमार कश्यप,संयुक्त मंत्रीः राकेश मोहन कुशवाहा,संगठन मंत्रीः राजेश बोध,कोषाध्यक्षः प्रतिभा,संप्रेक्षकःशैलेन्द्र प्रकाश,संरक्षकः बी.पी. चौधरी को घोषित किया गया ' इस विशेष अवसर पर आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष जे.के. सचान, प्रदेश महामंत्री प्रद्युम्न सिंह एवं मंडली सचिव जी.सी. दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।साथ ही, अधिवेशन में विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों और सहयोगियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से अजय मिश्रा, आर.एस. कनौजिया,आनंद सिंह, कासिम अली, सुभा आतिफ, मनमोहन मिश्रा एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव कनौजिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के हितों और फार्मासिस्ट संवर्ग की समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव संघर्षशील रहेंगे।

# नगर निगम के विशेष सदन में ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा, निंदा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** नगर निगम में गुरुवार को आयोजित विशेष सदन में ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकनाथ हॉल में सुबह 11 बजे शुरू हुई इस बैठक में पार्षदों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सदन के दौरान हालिया घटनाक्रम और महिला सम्मान से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। सदन को संबोधित करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने भावुक शब्दों में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वह केवल महापौर के रूप में नहीं, बल्कि एक सैनिक परिवार से जुड़ी महिला के रूप में भी यहाँ खड़ी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अनुशासन और स्वाभिमान उनके जीवन के मूल मूल्य हैं, लेकिन बुधवार सुबह उनके आवास पर हुई घटना ने लोकतंत्र और मानवता दोनों को शर्मसार किया है।

सदन में कई पार्षदों ने भी अपने विचार रखे। पार्षद रेखा सिंह, नेहा सिंह, शिवम उपाध्याय, गौरी सांवरिया, ऋचा मिश्रा, भृगुनाथ शुक्ला एवं अनुराग मिश्रा (अन्नू) ने ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियमह्न के समर्थन में बोलते हुए महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और सामाजिक सम्मान की आवश्यकता पर जोर दिया।

महापौर ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस देश में नदियों को माँ कहा जाता है, वहाँ नारी के सम्मान को ठेस पहुंचाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि माँ, बहन और बेटी जैसे पवित्र रिश्तों का अपमान देश की जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक माँ होने के नाते वह किसी भी माँ का अपमान करने की सोच भी नहीं सकतीं।


उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि अब देश की नारी जाग चुकी है और अपने अधिकारों के लिए पूरी ताकत से खड़ी है। महापौर ने बुधवार को उनके आवास पर हुए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी नामपट्टिका पर जूता चलाना न केवल उनके पद का, बल्कि पूरे शहर की गरिमा का अपमान है। उन्होंने इसे लखनऊ की प्रथम नागरिक और एक सैनिक परिवार की महिला पर हमला बताया।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने यूपी बोर्ड में किया शानदार प्रदर्शन


प्रियांशी देवी 91.4%


आकर्षिका मिश्रा 83.80%


मानवी वर्मा 87.80%


रुद्रांश यादव 88.83%


स्पर्श गुप्ता 89.33%


शिवा कश्यप 93.17%





पूरनपुर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बेहतरीन रिजल्ट के बाद जश्न मनाते बच्चे व शिक्षक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) और कक्षा 12वीं (इंटरमीडिएट) के परिणाम आज घोषित किए गए। पूरनपुर के प्रसिद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने दोनों कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) में कॉलेज के छात्र शिवा कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए 559 अंक (93.17%) हासिल किए। दूसरे स्थान पर स्पर्श गुप्ता (536 अंक, 89.33%) और तीसरे स्थान पर रुद्रांश यादव (533 अंक, 88.83%) रहे। टॉप-10 में कॉलेज के कई छात्र शामिल हुए, जिनमें विनीत कुमार (532 अंक), अनन्या पांडे (524 अंक), आस्था पटेल (521 अंक) आदि शामिल हैं।इस वर्ष हाईस्कूल में कॉलेज से 260 छात्र-छात्राएं नामांकित थे, जिनमें से 258 परीक्षा में शामिल हुए और सभी 258 पास हो गए। इनमें 74 छात्रों ने ऑनर्स के साथ पास किया, जबकि 161 प्रथम श्रेणी में और 23 द्वितीय श्रेणी में सफल रहे। इंटरमीडिएट (कक्षा 12वीं) में भी कॉलेज की छात्राओं ने कमाल किया। प्रियांशी देवी ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए 457 अंक (91.40%) प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर मनवी वर्मा (439 अंक, 87.80%) रहीं। टॉप-10 में अकरशिका मिश्रा (419 अंक), खुशनीत कौर (415 अंक), तिवारी पलक नीलेश (415 अंक), तनिष्का गुप्ता (413 अंक) आदि शामिल हैं।इंटरमीडिएट में 206 छात्र-छात्राएं नामांकित थे, सभी 206 परीक्षा में बैठे और सभी पास हो गए। इनमें 36 ऑनर्स के साथ, 112 प्रथम श्रेणी में और 58 द्वितीय श्रेणी में सफल रहे।कॉलेज प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज का निरंतर बेहतर प्रदर्शन पूरनपुर क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पूरनपुर (पीलीभीत) के इस उत्कृष्ट परिणाम ने पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। अभिभावक अपने बच्चों की सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर घायल


### रिश्तेदारी में जा रहे परिवार को पीछे से मारी टक्कर, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** बिलसण्डा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार ग्राम हरई निवासी राजकुमार पुत्र राममूर्ति दिनांक 10 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे अपनी मोटरसाइकिल से अपनी मां वरना देवी और भाई डबलू के साथ ग्राम बंडा मानपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही वे कुरैया कलां स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक नीले रंग की सोनालीका ट्रैक्टर-ट्रॉली ने तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार, उनकी मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने तीनों को सीएचसी बिलसण्डा पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में ही राजकुमार ने दम तोड़ दिया, जबकि मां और भाई का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में परिजनों की ओर से थाना बिलसण्डा में तहरीर दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

## यूपी बोर्ड परिणाम: पूरनपुर के सनातन धर्म इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन


अनीका शर्मा 79.8%


कृष्ण शर्मा 80.%


साक्षी देवी 85.16%


प्रगति मिश्रा 90.33 %

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर ।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के घोषित परिणाम में सनातन धर्म इंटर कॉलेज पूरनपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल परिणाम में विद्यालय का कुल परीक्षाफल 90.73 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान प्रगति मिश्रा ने 542 अंक (90.33%) प्राप्त कर हासिल किया। द्वितीय स्थान सांसी देवी ने 511 अंक (85.16%) के साथ प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान प्रगति देवी ने 504 अंक (84%) पाकर हासिल किया। इंटरमीडिएट परिणाम में विद्यालय का परीक्षाफल 91 प्रतिशत रहा। इसमें प्रथम स्थान कृष्णा वर्मा ने 401 अंक (80.2%) के साथ प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अनीता वर्मा ने 399 अंक (79.8%) हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान आयुषी वर्मा ने 397 अंक (79.4%) प्राप्त किए। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

## स्मार्ट मीटरों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन


स्मार्ट मीटर को लेकर आ रही समस्याओं के संबन्ध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के बैनर तले नगर के व्यापारियों ने स्मार्ट मीटरों से उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी, पूरनपुर को सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड (स्मार्ट) मीटरों से उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रीपेड मीटर लगने के बाद बिल जमा करने के बावजूद कई उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके अलावा कई मीटरों के सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को भुगतान अपडेट न होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि मीटर लगाने के बाद भी बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के सेटिंग/सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपडेट नहीं हो रहे हैं। व्यापारियों ने मांग की कि प्रीपेड मीटरों की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए और विभागीय अनियमितताओं को तत्काल ठीक कराया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। ज्ञापन पर नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के साथ-साथ अन्य व्यापारियों के हस्ताक्षर भी मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से प्रदीप शुक्ला, आरिफ खान, श्याम सिंह, रवि जायसवाल, अखिलेश शर्मा, वैभव सक्सेना, सैयद जफर अली, गौरव, तथा अन्य स्थानीय व्यापारियों के नाम शामिल दिखाई दिए। व्यापार मंडल ने प्रशासन से जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई कर समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।

## भीषण गर्मी के साथ बिजली कटौती ने बढाई परेशानी

### ट्रपिंग और फाल्ट के नाम पर की जा रही बिजली कटौती

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी के बीच बिजली की अंधाधुंध कटौती लोगों का पसीना छुड़ा रही है। देहात क्षेत्र में फाल्ट और ट्रिपिग से मुश्किल बढ़ गई हैं। जिससे रात में लोग ठीक से सो नहीं पा रहे,किसानों के सामने भी सिचाई का संकट खड़ा हो रहा है। गर्मी की तपिस से हालबेहाल है। भीषण गर्मी के बीच बिजली की समस्या भी मुश्किलें बढ़ा रही है। दिन तो जैसे तैसे कट जाता है। लेकिन रात काटने मुश्किल हो रही है। पूरनपुर व घुंघचाई बिजली उपकेंद्र क्षेत्र में फाल्ट और ट्रिपिग से काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।कई दिनो से क्षेत्र में रात्रि के दौरान बिजली फाल्ट का हवाला देकर कटौती की जा रही है। रात्रि के दौरान तो समस्या ओर बढ जाती है। फाल्ट और ट्रपिंग के चलते रात को कई बार आधा-आधा घंटे के लिए बिजली गुल हुई। रात में बिजली जाने से लोग पूरी नींद भी नहीं ले पा रहे हैं। कई जगह लोगों के इंवर्टर भी ठीक से चार्ज नहीं हो सके, ऐसे में उनको परेशानी का सामना करना पड़ा। रोजाना देहात क्षेत्र में घंटों कटौती का सिलसिला चलता रहता है। रुक रुक कर बिजली आने के चलते उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि दिन तो जैसे तैसे कट लेते हैं। लेकिन रात्रि के दौरान बिजली की आंख मिचौली जारी रहती है। बिजली की कमी के चलते किसान अपनी फसलों की सिचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। हाथ के पंखों का सहारा लेना पडता है। उपभोक्ताओं ने बिजली व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है।

## जन आक्रोश पदयात्रा निकालकर विरोध दर्ज



नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में जुलूस निकालती महिलाएं

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों द्वारा किए गए मतदान के खिलाफ महिलाओं ने जन आक्रोश पदयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। पदयात्रा के माध्यम से महिलाओं ने अपने आक्रोश को व्यक्त करते हुए विरोध दर्ज कराया। इस दौरान महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन आस्था अग्रवाल, जिला मंत्री ऋचा पटेल, पंकज तिवारी, रेनू राज, सृष्टि गुप्ता के साथ-साथ पुष्पा शुक्ला और शशि बाला कटियार सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। पदयात्रा में शामिल महिलाओं ने कहा कि इस मुद्दे पर जनता को जागरूक किया जाएगा और विरोध आगे भी जारी रहेगा।

## धनाराघाट का जलस्तर बढ़ा,रात में न जाने की अपील

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के ट्रांस शारदा क्षेत्र के धनाराघाट पर जलस्तर बढ़ने से सतर्कता बढ़ा दी गई है। पानी का बहाव तेज होने के बाद प्रशासन ने लोगों से विशेष रूप से रात के समय घाट पर न जाने की अपील की है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है,जिससे घाट के आसपास खतरे की स्थिति बन गई है। तेज बहाव के कारण फिसलन और डूबने का जोखिम भी बढ़ गया है, खासकर अंधेरे में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन ने ग्रामीणों, मछुआरों और राहगीरों को चेतावनी दी है कि वे अनावश्यक रूप से घाट की ओर न जाएं और नदी में उतरने से बचें। साथ ही अभिभावकों से बच्चों पर विशेष निगरानी रखने की भी अपील की गई है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए जाएंगे। वहीं लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचना दें।

## सफाई न होने से नाले में भरा गंदा पानी, राहगीरों का निकलना दूभर


सफाई न होने से नाले में भरा गंदा पानी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** नगर में गोपी टॉकीज से पुराने डाकखाने की ओर जाने वाले मार्ग पर बना नाला वर्षों से सफाई के अभाव में गंदगी का अड्डा बन गया है। नाले में गंदा पानी जमा रहने से आसपास के लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नाले की कई सालों से सफाई नहीं कराई गई है, जिसके चलते पानी रुक गया है और बदबू फैल रही है। गंदगी के कारण इस मार्ग से निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं संक्रमण फैलने का भी खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि कई बार नगर पालिका को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाले की सफाई कराकर जलभराव की समस्या दूर करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## जब समय पर भुगतान नहीं, तो क्यों करें गन्ने की पैदावार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिलसंडा।** बजाज शुगर मिल को गन्ने की की गई आपूर्ति का समय पर भुगतान न मिलने की वजह से किसानों ने अब गन्ने की फसल की पैदावार ही कम करनी शुरू कर दी हैं। जिससे चिंतित मिल प्रबंधन अब किसानों के दरवाजे पर पहुंचने लगा है। बता दें कि पिछले पेराई सत्र की बकाया धनराशि करीब 150 करोड़ मिल प्रबंधन द्वारा अभी तक नहीं दिया गया।पेराई सत्र में जो गन्ना खरीदा गया, उसमें से सिर्फ चार दिन का ही भुगतान किया। ऐसे में गन्ना किसान परेशान हैं।बताते हैं कि भुगतान की लेट लतीफी से परेशान होकर किसानों ने आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ने की बुवाई करने से ही हाथ खींचना शुरू कर दिया है। यही वजह है कि जो शुगर मिल सवा सौ करोड़ से अधिक पेराई सत्र में गन्ने की पराई करती थी वह पिछले वर्ष 60 लाख का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाई। यही वजह है कि पेराई सत्र में शुगर मिल का फरवरी में चलाना मुश्किल हो गया था। हालांकि गन्ने की निरंतर पैदावार कम होने से चिंतित शुगर मिल प्रबंधन ने पिछले वर्ष भी घर-घर जाकर किसानों से संपर्क करना शुरू किया, परंतु किसन उनके झांसे में नहीं आए। जबकि गत वर्ष बजाज शुगर मिल के जीएम केन स्वयं किसानों के घर गए थे। उन्होंने कई गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क के दौरान किसानों को यह आश्वासन भी दिया कि आगामी पेराई सत्र शुरू होने से पहले ही प्रत्येक दशा में चालू पेराई सत्र में क्रय किए गए गन्ने का पूरा भुगतान कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा था कि किसानों के लिए शुगर मिल हमेशा चिंतित रहती है। बोले अगर मिल बंद हो गई तो सर्वाधिक नुकसान गन्ना किसानों का ही होगा। क्योंकि बाजार में गन्ने का जो भाव मिल रहा है, मिल बंद होने के बाद भाव स्थिर नहीं रहेगा। लिहाजा किसान गन्ने की पैदावार में रुचि लें, और अधिक से अधिक गन्ने की पैदावार बढ़ाएं। उनके इस आश्वासन के बाद भी मिल प्रबंधन ने अभी तक पिछले पेराई सत्र का भुगतान नहीं किया।

## बीसलपुर में गैस संकट से हाहाकार, एजेंसी पर वसूली के आरोप, शादी वाले घरों में बढ़ी मुश्किलें

### वाउचर देने से इंकार, कई दिनों से चक्कर काट रहे ग्रामीण; डीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग




**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** नगर और ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हालत यह है कि शादी-ब्याह के सीजन में भी लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। गैस एजेंसी संचालकों पर उपभोक्ताओं ने मनमानी और अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी द्वारा वाउचर देने से साफ इंकार किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जानी चाहिए। शादी समारोह के चलते कई लोग सिलेंडर लेने भारत गैस सर्विस एजेंसी पहुंचे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। आरोप है कि एजेंसी पर बिना अतिरिक्त पैसे लिए गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे लगातार कई दिनों से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारी उनकी शिकायत सुनने को तैयार नहीं हैं। गांव बरखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पूरे मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर, क्षेत्र में गैस संकट को लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो विरोध प्रदर्शन की चेतावनी भी दी जा रही है।

## घटिया सामग्री से सड़क मरम्मत, ग्रामीणों में नाराजगी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** पीडब्ल्यूडी की ओर से सड़क मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। जिसमे घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग होना बताया जा रहा है।मरम्मत कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है।मानक के तहत सडक की मरम्मत कराए जाने की मांग की गई है। लाखों की लागत से पूरनपुर तहसील क्षेत्र के बिलंदपुर अशोक से लेकर पुन्नापुर मार्ग तक करीव साढे तीन किलो मीटर की जर्जर सडक की मरम्मत पीडब्ल्यूडी बिभाग की ओर कराई जा रही है। लेकिन निर्माण काम में मानको की अनदेखी की जा रही है। कार्य में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहद खराब है। जिससे सड़क जल्द ही टूटने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कार्य की निगरानी ठीक से नहीं हो रही है, जिसके कारण ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। इससे न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है, बल्कि आने वाले समय में लोगों को आवागमन में और दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# धार्मिक स्थल की पर मांस के टुकड़े डालने वाला पकड़ा

## पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा गांव में देवी स्थान धार्मिक स्थल मछली के मांस के टुकड़े फैंकने के मामले में पुलिस सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन तक मांस के टुकडे हटा दिए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा का है। बुधवार की देर शाम धार्मिक स्थल पर समाज को बांटने की नीयत से मंदिर में मछलियों के टुकडे कर उनका मांस डाल दिया। शाम कुछ लोग पहुंचे तो मूर्तियों पर मछली के मांस के टुकडे रखे दिखे। सूचना पाकर महाकाल एक्टिव सेना के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इस पर उन्होंने इस कृत्य को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने मामले की सूचना घुंघचाई थाना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूछताछ की। बताया जाता है कि पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही मूर्तियों पर रखे गए मछली के मांस के टुकड़ों को हटाकर साफ कर दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण कर कुछ लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड लिया। टुकडे डालने वाला सिमरिया ता.अजीतपुर बिल्हा निवासी सत्यपाल है। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब आरोपी से पूछताछ की तो उसने वताया कि उसके दो भाई और तीन बहन है। उनके पिता के पास तीन बीघा जमीन है। उसके पिता उसकी शादी नही कर रहे है। उसने वताया कि बुधवार को वह कैशोपुर गांव की बाजार गया था, आधा किलो मछली लेकर घर आया था। जिसको वह घर पर लेकर गया और अपनी बहन से उसे बनाने के लिए कहा तो बहन ने मना कर दिया। जिस पर आरोपी की परिवार में कहासुनी हो गई। इसके बाद उसने नशे की दशा में मन्दिर में ले जाकर मछली के टुकडे रख दिए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सत्यपाल शराब पीने का आदी है। नशे की दशा में गांव में घूमता फिरता रहता है। पुलिस ने आरोपी सत्यपाल को जेल भेजा है।

> मछलियों के मांस के टुकडे डालने वाले आरोपी पर केस दर्ज कर उसको गिरफ्तार कर लिया। उसने घटना करना कबूल किया है। उसको जेल भेजा गया है।
>
> **प्रतीक दहिया,**
> **पुलिस क्षेत्राधिकारी**
> **पूरनपुर**

# गेहूं खरीद में देरी और चोरी से किसान परेशान

## नगर की मंडी व्यवस्था पर उठाए जा रहे सवाल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** स्थानीय कृषि उपज मंडी में गेहूं खरीद की धीमी प्रक्रिया और चोरी की घटनाओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुरुवार को मंडी पहुंचे किसानों ने अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई और जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल सुधार की मांग की। किसानों का आरोप है कि खरीद केंद्रों पर गेहूं की तौल और भुगतान की प्रक्रिया काफी धीमी है। कई किसानों को अपनी उपज लेकर दो-दो से तीन-तीन दिन तक मंडी में डटे रहना पड़ रहा है। इससे उन्हें अतिरिक्त खर्च और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि मंडी में पर्याप्त संसाधनों और कर्मचारियों की कमी के कारण खरीद कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है। वहीं दूसरी ओर, रात के समय सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने से गेहूं की बोरियों की चोरी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।कुछ किसानों का कहना है कि उनकी रखी हुई बोरियां गायब हो गईं या उनमें से गेहूं कम पाया गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसको लेकर किसानों में रोष व्याप्त है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि गेहूं खरीद प्रक्रिया को तेज किया जाए, तौल व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और मंडी परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।इस संबंध में मंडी अधिकारियों का कहना है कि खरीद प्रक्रिया को गति देने के निर्देश दिए गए हैं और सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जा रहा है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व रैली

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर संक्षिप्त लेकिन प्रभावी कार्यक्रम आयोजित किए गए। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में ह्लअगर धरती बोलती तो क्या कहतीह्व विषय पर रंगोली प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रदूषण के दुष्प्रभाव और प्रकृति बचाने के संदेश को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि लक्ष्मी कांत शर्मा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्या पूजा छाबड़ा व प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने भी विद्यार्थियों को जागरूक किया। उधर, प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में प्रार्थना सभा, जागरूकता रैली, पौधारोपण तथा चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रधानाध्यापक डॉ. विभव सक्सेना ने बच्चों को स्वच्छता, पॉलिथीन मुक्त जीवन और अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संदेश दिया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया।



ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विभिन्न एक्टिविटी में भाग लेते बच्चे

# जन आक्रोश सम्मेलन में गरजा भाजपा, महिलाओं के अधिकारों पर विपक्ष को घेरा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** गांधी प्रेक्षा गृह में ह्यजन आक्रोश सम्मेलनह्ण का आयोजन किया गया, जिसमें लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध को लेकर विपक्ष के खिलाफ नाराजगी जताई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बलदेव सिंह औलख ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के हित में कार्य कर रही है, जबकि विपक्ष ने उनके अधिकारों का विरोध किया है। उन्होंने आगामी चुनाव में इसका जवाब देने की बात कही। वक्ताओं ने भाजपा सरकार की महिला कल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों से खिलवाड़ का आरोप लगाया। बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान और अन्य नेताओं ने भी महिलाओं से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए खड़े होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष आस्था अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में विपक्ष पर बरसते भाजपाई

# गैस सिलेंडर की किल्लत, लाइन में खड़े रहने को मजबूर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** गैस सिलेंडरों की किल्लत से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए देर रात से ही लाइनों में लगना पड़ रहा है, फिर भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र में गैस सिलेंडर की समस्या से लोगों को गुजरना पड रहा है, गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी व्यवस्था लगभग ठप हो चुकी है। जिससे उपभोक्ताओ को वितरण केंद्र पर पहुंचकर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि आपूर्ति व्यवस्था सही न होने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। गैस की कमी के चलते कई परिवारों को वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं, एजेंसियों पर भीड़ बढ़ने से अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके चलते हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जल्द से जल्द गैस आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है।

# हाईस्कूल परीक्षा में प्रांजल ने किया टॉप, अक्षरा ने भी बनाई जगह

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जनपद के एक नामी विद्यालय के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल और अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है। कक्षा 10 के छात्र प्रांजल मौर्य ने जिले में पहला स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि छात्रा अक्षरा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय में उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रबंधक रवि बजाज और प्रधानाचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार गंगवार ने दोनों होनहार छात्रों के साथ शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय लंबे समय से अपनी उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन के लिए जाना जाता है। इस सफलता ने एक बार फिर संस्थान की साख को और मजबूत किया है।



छात्र प्रांजल मौर्य – जिला टॉपर




अक्षरा – जिले में तृतीय स्थान

# गंगा सप्तमी पर कछला घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 11 क्विंटल दूध से अभिषेक

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बिल्सी/कछला (बदायूं)।** गंगा सप्तमी के पावन अवसर पर कछला स्थित भागीरथी घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्री बालाजी दरबार और दयालू मित्रगण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों ने गंगा स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्य अतिथि विधायक हरीश शाक्य एवं महंत मटरू मल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच माँ गंगा का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद 11 क्विंटल दूध से दुग्धाभिषेक किया गया, जिससे पूरा घाट ह्यहर-हर गंगेह्ण के जयकारों से गूंज उठा। साथ ही 21 किलो घी अर्पित कर 56 भोग भी लगाया गया। कार्यक्रम में विशाल भंडारा, कन्या भोज, साधु-संतों व जरूरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। शाम को महाआरती और चुनरी महोत्सव आकर्षण का केंद्र रहे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।



भागीरथी घाट पर11 क्विंटल दूध से दुग्धाभिषेक किया गया

# भीषण गर्मी में राहतः पीलीभीत में शुद्ध शीतल पेयजल टुकटुक सेवा शुरू



शुद्ध शीतल पेयजल टुकटुक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती आस्था अग्रवाल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** भीषण गर्मी के बीच पीलीभीत नगर में राहगीरों को राहत देने के लिए शुद्ध शीतल पेयजल टुकटुक सेवा की शुरूआत की गई। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने इस अनोखी पहल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सेवा के तहत शहर के प्रमुख चौराहों, तिराहों और मार्गों पर टुकटुक गाड़ियों के माध्यम से लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे गर्मी में लोगों को काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद और पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि योजना सफल होने पर भविष्य में ऐसी गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# 25 से 27 अप्रैल तक होमगार्ड्स भर्ती लिखित परीक्षा, 6 केंद्रों पर तैयारी पूरी



होमगार्ड लिखित परीक्षा केदो की जांच पड़ताल करते जिलाधिकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** उ.प्र. होमगाड्र्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके लिए जनपद के 6 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा होगी। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बिजली, पेयजल, पंखा, शौचालय और सीसीटीवी सहित सभी सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में सीओ सिटी व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# शराब भट्ठी हटाने की मांग, महिलाओं का प्रदर्शन

## भट्ठी खुलने के विरोध में मुख्य मार्ग किया जाम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के बूंदीभूड़ गांव में शराब भट्ठी हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। इसके बाद मार्ग को वंद कर बैठ गईं।इस दौरान कई मौजूद रहीं। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बूंदीभूड में शराब भट्ठी को हटाए जाने के लिए महिलाए लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहीं है। उसके वावजूद भट्ठी नही हटाई जा रही है।गुरुबार को इससे नाराज महिलाओ ने एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप था कि गांव के पास संचालित शराब भट्ठी के कारण सामाजिक वातावरण बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे आए दिन विवाद और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी असर पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने सड़क पर बैठकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने मुख्य रास्ते पर लकडी लगाकर रास्ता बंद कर दिया। उनका कहना था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा। महिलाओं ने मांग की कि गांव के पास से शराब भट्ठी को तत्काल हटाया जाए और क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान बडी संख्या में महिलाए मौजूद रहीं।

# अभिषेक शर्मा ने तो गजब ही कर दिया

## क्रिस गेल का रिकॉर्ड भी सामने नहीं टिक पाया



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का 31वां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अभिषेक ने तूफानी शतक लगाते हुए क्रिस गेल के बड़े टी20 रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 68 गेंदों में 198 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 135 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी में बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 10 चौके और 10 छक्के लगाए। उनकी पारी ने इस मैच में हैदराबाद को 47 रनों से जीत दिलाई।

अभिषेक शर्मा इस इनिंग के साथ ही टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक बार 130 से अधिक रनों की पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह कारनामा चौथी बार किया है। अभिषेक ने इस मामले में क्रिस गेल और आरोन फिंच को पीछे छोड़ा है। गेल-फिंच ने टी20 क्रिकेट में 3 बार 130 से अधिक रनों की पारी खेली है।

### अभिषेक शर्मा के टी20 में 130 से ज्यादा के स्कोर

- इंग्लैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 54 गेंद पर 7 चौके और 13 छक्कों से 135 रन।
- आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 55 गेंदों पर 141 रनों की पारी।
- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के लिए बंगाल के खिलाफ 16 छक्कों की मदद से 52 गेंद पर 148 रन।
- आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 10 चौके और 10 छक्कों से 135 रन।

अभिषेक शर्मा के आगे दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज पूरी तरह से बेबस दिखाई दिए। उन्होंने आईपीएल इतिहास की पांचवीं सबसे बड़ी पारी खेली। अभिषेक ने अपनी आतिशी पारी के दौरान टी20 क्रिकेट में 350 छक्के भी पूरे किए। वह क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत की तरफ से संयुक्त रूप से सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। अभिषेक ने टी20 क्रिकेट में यह 9वां शतक लगाया है।



### अभिषेक शर्मा की बैटिंग के मुरीद हुए दिग्गज, शतकीय पारी पर युवी से वॉर्नर तक ने ठोका सलाम

अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक ठोका। विस्फोटक शतकीय पारी के बाद हर तरफ अभिषेक की तारीफ हो ही है। अभिषेक इस साल फॉर्म से भी जूझ रहे थे। टी20 विश्व कप के दौरान लगातार तीन पारियों में डक हुए। इस आईपीएल में भी दो बार जीरो पर आउट हो चुके हैं। लेकिन मंगलवार की रात दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के खिलाफ मनमुताबिक शॉट खेले।अभिषेक शर्मा के मेंटर युवराज सिंह ने इस पारी के बाद उन्हें शाबासी दी। युवी ने एक्स पर लिखा- बल्ले को अपना काम करने दो। हर दिन बेहतर होते जा रहे हो। बहुत बढ़िया खेले, अभिषेक सर। इसी प्रोसेस को जारी रखो।अभिषेक को कमाल का प्लेयर बताते हुए पूर्व दिग्गज भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने लिखा- अभिषेक शर्मा, क्या बात है! बहुत बढ़िया खेले शेरा अभिषेक शर्मा। 10 छक्के, 10 चौके। सिर्फ बाउंड्रीज से ही 100 रन। कमाल का खिलाड़ी।सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टेडियम पर अभिषेक शर्मा की तारीफ की।

### अभिषेक की कैमरामैन से अपील- पापा को दिखाइए

अभिषेक पारी के बाद वह भावुक नजर आए और सफलता का श्रेय पिता को दिया। मैच के बाद उन्होंने ब्रॉडकास्टर्स से रिक्वेस्ट की और कहा 'अगली बार मैं चाहता हूं कि ब्रॉडकास्टर्स एक कैमरा मेरे पिता की तरफ भी रखें। उनके रिएक्शंस देखना वाकई मजेदार होगा। यह कमाल की बात है कि मैं जब भी उनकी तरफ देखता हूं, वह मुझे देख रहे होते हैं और मुझे इंस्ट्रक्शंस दे रहे होते हैं। इससे मुझे काफी मदद मिलती है। माता-पिता और दोस्तों के सामने परफॉर्म करना हमेशा स्पेशल होता है। अभिषेक ने बताया कि उनके पिता उनके क्रिकेटिंग सफर के शुरुआती दिनों से साथ रहे हैं।

# सचिन तेंदुलकर दंतेवाड़ा में आदिवासी बच्चों से मिले

## ऑटोग्राफ दिया, पत्नी अंजलि, बेटी सारा और बहू सानिया ने बच्चों संग बिताया समय

**जगदलपुर/दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर बुधवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर थे। वे प्राइवेट जेट से अपने परिवार के साथ जगदलपुर एयरपोर्ट पर उतरे। यहां से वे सीधे दंतेवाड़ा के छिंदनार पहुंचे। जहां आदिवासी बच्चों और खेल में रुचि रखने वाले बच्चों से मुलाकात की। सचिन तेंदुलकर ने जगदलपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि दंतेवाड़ा में 50 से ज्यादा खेल मैदान का 5 हजार बच्चों को फायदा मिलेगा। वहीं, कार्यक्रम के लिए स्कूली बच्चे सुबह 9 बजे से पहुंच गए थे। यहां भीषण गर्मी में बच्चों को अलग-अलग गांव से कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। टीचर ने बताया कि एक बस में 100 से ज्यादा बच्चों को बैठाकर लाया गया। जबकि बस 50 सीटर है। जगदलपुर में सचिन ने बच्चों को बल्ले पर ऑटोग्राफ दिया। सचिन को सिहाड़ी बीज की माला पहनाई गई। बेटी सारा और बहू सानिया भी साथ दिखे।





### अच्छे इंसान बनो ताकि लोग आपको याद रखें

कार्यक्रम में सचिन तेंदुलकर ने कहा कि हमें पता चला कि बस्तर में बच्चों के लिए ग्राउंड ही नहीं है। मेरी जिंदगी की शुरुआत मैदान से हुई थी। मैं बच्चों को देखता हूं जैसे मेरी जर्नी स्टार्ट हुई, हम मैदान में जाते हैं अच्छे कोच की जरूरत होती है। हमने सोचा था कि हम अपने कोच को यहां भेजेंगे ताकि वे 100 टीचर्स को ट्रेनिंग दें। यहां डायमंड बहुत हैं, बस सही तरीके से पॉलिश करना जरूरी है। यही उम्र है खेलने कूदने की। यही उम्र है दोस्त बनाने की। मैं समझता हूं जो एक सही दोस्त होता है वो आईना दिखता है, परछाई कभी साथ नहीं छोड़ती, इसलिए ऐसे दोस्त रखो जो ऐसे ही बनकर रहे। मेरे पिता ने एडवाइस दी कि क्रिकेट कितने साल चलेगा, मैंने कहा 10 से 15 साल, मेरे पिता ने कहा था उसके बाद क्या? आप अच्छे इंसान बनो ताकि लोग आपको याद रखें।

### बच्चों के साथ समय, ग्रामीण जीवन को समझने की कोशिश

परिवार ने बच्चों को खिलौने दिए और उनके साथ समय बिताया। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान जीवनशैली, जरूरतों और समस्याओं को समझने पर खास फोकस रहा। इससे यह दौरा सिर्फ औपचारिक न रहकर जमीनी जुड़ाव का प्रयास नजर आया।

### ग्रामीणों की जीवन शैली और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी जुटाई

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। तेंदुलकर परिवार ने वनांचल में ग्रामीणों की जीवन शैली और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी जुटाई। इस दौरान सारा तेंदुलकर ने एक आदिवासी बच्चे को गोद में लेकर प्यार और दुलार करती हुई भी नज़र आई।

### जन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर डॉक्टरों से चर्चा की

बुधवार सुबह नाश्ते के बाद तीनों गनियारी प्राइमरी हेल्थ सेंटर पहुंचीं। यहां स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया गया और फुलवारी केंद्र का निरीक्षण किया गया। डॉक्टरों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने बताया कि, गनियारी जन स्वास्थ्य समिति वनांचल के विभिन्न गांवों में निःशुल्क स्वास्थ्य और शिक्षा कार्यक्रम संचालित करती है। तेंदुलकर परिवार ने समिति की तरफ से संचालित फुलवारी केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम बम्हनी में जनस्वास्थ्य उपकेंद्र और बालवाड़ी में वनक्षेत्र के गरीब बच्चों के रहन-सहन और उपस्वास्थ्य केंद्र के संचालन को करीब से देखा। फुलवारी केंद्र में बैगा बच्चों के पोषण और शिक्षा की स्थिति के बारे में जानकारी ली। समिति की चिकित्सकीय टीम ने उन्हें स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में बताया।

**सैफ महिला चैंपियनशिप 2026**

# भारत ग्रुप बी में, बांग्लादेश और मालदीव से होगी टक्कर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के लिए ढाका में हुए ड्रॉ के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम को ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका सामना बांग्लादेश और मालदीव से होगा। यह टूर्नामेंट 25 मई से 6 जून 2026 तक गोवा के मडगांव में आयोजित किया जाएगा।



### ग्रुप और फॉर्मेट पर एक नजर

टूर्नामेंट में कुल दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में नेपाल, श्रीलंका और भूटान को शामिल किया गया है, जबकि ग्रुप बी में मेजबान भारत के साथ बांग्लादेश और मालदीव हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

### गोवा में होगा पूरा टूर्नामेंट

सभी मैच गोवा के मडगांव स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह दूसरी बार है जब भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले 2016 में सिलीगुड़ी में आयोजित संस्करण में भारत ने खिताब अपने नाम किया था।

### रैंकिंग के आधार पर हुआ ड्रॉ

इस बार ड्रॉ फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर किया गया। भारत (69वें स्थान) और नेपाल (87वें स्थान) को पॉट 1 में रखा गया था। बांग्लादेश और श्रीलंका पॉट 2 में, जबकि भूटान और मालदीव पॉट 3 में शामिल थे।

### भारत का दमदार रिकॉर्ड

भारतीय महिला टीम इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जिसने 2010, 2012, 2014, 2016 और 2019 में खिताब जीते हैं। हालांकि, हाल के वर्षों में बांग्लादेश ने शानदार प्रदर्शन किया है और 2022 व 2024 के संस्करण अपने नाम किए हैं, जिससे इस बार मुकाबला कड़ा रहने वाला है।

# आज मुम्बई इंडियंस के खिलाफ

## ब्लॉकबस्टर मुकाबले में धोनी की वापसी तय

**मुंबई (एजेंसी)।** महेंद्र सिंह धोनी और विल जैक्स गुरुवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बड़े मुकाबले के लिए वापसी करने को तैयार दिख रहे हैं। कल होने वाले मुकाबले धोनी की मौजूदगी संघर्ष कर रही ष्टस्य टीम के लिए एक बड़ा सहारा बन सकती है। 44 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने मंगलवार को वानखेड़े में अभ्यास किया। उन्होंने करीब आधे घंटे तक विकेटकीपिंग की और फिर 30 मिनट तक बिना किसी परेशानी के बल्लेबाजी का अभ्यास किया।



प्री-सीजन शिविर के दौरान पिंडली में खिंचाव से उबर रहे धोनी में किसी भी तरह की परेशानी के कोई लक्षण नहीं दिखे और वह मैच के लिए पूरी तरह तैयार नजर आए। सीएसके इस समय अंक तालिका में आठवें स्थान पर है, उसने 6 मैचों में से केवल दो मैच जीते हैं, ऐसे में धोनी की वापसी टीम के बल्लेबाजी क्रम को बहुत जरूरी स्थिरता और अनुभव दे सकती है।

वहीं मुम्बई इंडियंस की बात जाए जैक्स के लंबे समय से इंतजार हो रहे आगमन से टीम में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इंग्लैंड के इस ऑलराउंडर ने 2026 टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था और चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता था। पहले छह मैच न खेल पाने के बाद वह अब टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने सोमवार शाम को वानखेड़े में ट्रेनिंग की और मंगलवार को रात की रोशनी में होने वाले सेशन के लिए भी लौटे, जहाँ उन्होंने बल्ले और गेंद, दोनों के साथ काफी समय बिताया।

जैक्स के टीम में शामिल होने से मुंबई का संतुलन मजबूत हो गया है; वह मध्यक्रम में ताकत देने के साथ-साथ ऑफ-स्पिन गेंदबाजी का एक उपयोगी विकल्प भी देते हैं। उनकी मौजूदगी टीम मैनेजमेंट को अपने विदेशी खिलाड़ियों के संयोजन में बदलाव करने पर मजबूर कर सकती है, जिसके चलते अल्लाह गजनफर या मिचेल सैंटनर में से किसी एक को टीम से बाहर बैठना पड़ सकता है। निचले क्रम में अपनी जबर्दस्त छोटी पारियों के लिए मशहूर जैक्स, एक भरोसेमंद'फिनिशर'के तौर पर टीम की गहराई को भी बढ़ाते हैं।

वहीं दूसरी ओर, सीएसके को भी एक अच्छी खबर मिली है, ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस की जगह टीम में शामिल हो गए हैं। जॉनसन ने मंगलवार को टीम के साथ अभ्यास की और उम्मीद है कि वह'प्लेइंग इलेवन'में जगह बनाएंगे; संभवतः वह चोटिल खलील अहमद की जगह लेंगे।

**जूनियर विश्व कप**

# 10 मीटर एयर पिस्टल में नरवाल को स्वर्ण, चिराग को कांस्य

**काहिरा (एजेंसी)।** भारत के शीर्ष निशानेबाज शिवा नरवाल ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार वापसी करते हुए ढ्ढस्स्न जूनियर विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। चिराग शर्मा ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पनाह भुगरा ने रजत पदक जीतकर देश के पदकों की संख्या तीन कर दी। नरवाल ने पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 241.8 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान के सादिकजोन अब्दुल्लाएव को 1.8 अंक से पीछे छोड़ा। चिराग ने 218.9 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि एक अन्य भारतीय निशानेबाज अभिनव देशवाल 136.7 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहे। पनाह भुगरा ने महिला 10 मीटर एयर राइफल में



क्वालीफिकेशन में 629.4 अंक हासिल कर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने लगातार स्थिर प्रदर्शन करते हुए 250.6 अंकों के साथ रजत पदक जीता। इस स्पर्धा में फ्रांस की एंसेलीन ब्रैकमैन ने 252.0 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी हमवतन हेलेना एकाले 228.6 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।

# इस्लामाबाद में हाहाकार: मालवाहक वाहनों पर पाबंदी से पेट्रोल और अनाज का संकट, हवाई अड्डों पर भी गहराया खतरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी और इस्लाबाद में मालवाहक परिवहन के निलंबन ने नागरिकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से लगाए गए इस प्रतिबंध के कारण दोनों शहरों में खाद्य पदार्थों और पेट्रोलियम उत्पादों की भारी किल्लत पैदा हो गई है। व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों ने बिगड़ते हालात को देखते हुए जिला प्रशासन से तत्काल रास्ते खोलने की अपील की है। ईंधन संकट की दहलीज पर शहरऑयल टैंकर कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता नोमान अली बट ने बताया कि तेल टैंकरों की आवाजाही ठप होने से आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# सेंसेक्स-निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाल क्या?

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी नाकाबंदी के चलते कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, कमजोर रुपए और अन्य प्रतिकूल कारकों के कारण भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे कारोबारी दिन बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख घरेलू बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंकों यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,664 पर ट्रेड करते नजर आया, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 205.05 (0.84 प्रतिशत) अंक फिसलकर 24,173.05 पर पहुंच गया।





दिन के कारोबार में सेंसेक्स 77,983.66 पर खुलकर 823 अंक या 1 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 77,574.18 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। तो वहीं निफ्टी 24,202.35 पर खुलकर 243 अंक या करीब 1 प्रतिशत गिरकर 24,134.80 के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस तरह, महज दो सत्रों में सेंसेक्स करीब 1,600 अंक या 2 प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि निफ्टी 50 में भी लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट आई है।

सत्र के दौरान, व्यापक बाजार सूचकांकों में भी गिरावट दर्ज की गई, जबकि पिछले सत्र में बाजार में गिरावट के बावजूद व्यापक सूचकांक हरे निशान में बंद हुए थे। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में जहां 0.67 प्रतिशत की गिरावट आई, वहीं निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में 0.41 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

सेक्टरवार देखें तो निफ्टी फार्मा (2.36 प्रतिशत की तेजी) और निफ्टी मीडिया (0.90 प्रतिशत की बढ़त) को छोड़कर अन्य सभी सेक्टर्स में गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा निफ्टी ऑटो में 2.35 प्रतिशत, निफ्टी पीएसयू बैंक में 2.19 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी में 1.83 प्रतिशत और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.38 प्रतिशत, निफ्टी प्राइवेट बैंक में 1.31 प्रतिशत और निफ्टी आईटी में 1.22 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली।

निफ्टी50 पैक में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, सिप्ला, अदाणी इंटरप्राइजेज, कोल इंडिया, अपोलो हॉस्पिटल, अदाणी पोर्ट्स, ओनजीसी और नेस्ले इंडिया के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली, जबकि ट्रेंट, श्रीराम फाइनेंस, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, इंफोसिस, एसबीआई लाइफ, टीएमपीवी और एमएंडएम के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।

होर्मुज जलडमरूमध्य की जारी नाकाबंदी के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों को सतर्क रखा, जिससे वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने का रुख देखने को मिला। अमेरिका-ईरान वार्ता के ठप होने के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से ऊपर बनी रहने से बाजार का माहौल और भी निराशाजनक हो गया।

इस बीच, भारतीय रुपया लगातार चौथे सत्र में कमजोर होता चला गया और एक महीने में दूसरी बार 94 के स्तर को पार कर गया। बाजार की चिंताओं के बीच ब्रेंट क्रूड 1.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जो लगातार चौथे दिन की बढ़त को दशार्ता है। इस साल अब तक बेंचमार्क में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें से अधिकांश तेजी पश्चिम एशिया संघर्ष के बढ़ने के बाद हुई है।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।